Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

पञ्जाबी-संस्कृत शब्दकोश

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

पंजाबी-संस्कृत शब्दकोश

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

पञ्जाबी-संस्कृत शब्दकोश

PUNJABI-SANSKRIT GLOSSARY

प्रधान सम्पादक

डॉ० गयाचरण त्रिपाठी

प्राचार्य

सम्पादक

डॉ० शिवकुमार मिश्र

प्रवाचक

डॉ० आजाद मिश्र

प्रवाचक

डॉ० शैलकुमारी मिश्र

प्रवक्ता

बाबानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ

चन्द्रशेखर आजाद पार्क, इलाहाबाद-२११००२

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्रकाशक
डॉ० गयाचरण त्रिपाठी
प्राचार्य
गङ्गानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ
चन्द्रशेखर आज़ाद पार्क
इलाहाबाद–२११००२

●

© राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली

●

मूल्य

●

मुद्रक
शाकुन्तल मुद्रणालय
३४, बलरामपुर हाउस
इलाहाबाद-२

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

परामर्शदाता

स्व० साधुराम शास्त्री, कुरुक्षेत्र; प्रो० प्रीतम सिंह, अमृतसर; प्रो० हरभजन सिंह, दिल्ली
डा० ओम् प्रकाश वसिष्ठ, चण्डीगढ़; डा० अजमेर सिंह, चण्डीगढ़
स्व० महावीरप्रसाद लखेड़ा, इलाहाबाद

प्रधान सम्पादक

डा० गयाचरण त्रिपाठी

मुख्य सम्पादक

डा० शिवकुमार मिश्र

सह सम्पादक

डा० आजाद मिश्र • डा० शैलकुमारी मिश्र

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

FOREWORD

It is matter of extreme satisfaction that the Punjabi Sanskrit Dictionary Project of this Vidyapeetha which was started 7 years ago has now reached its successful completion. The Project was taken into hand towards the end of 1979 at the suggestion of Shri K. K. Sethi, the then Director of the Rashtriya Sanskrit Sansthan as a part of the programme of the Sansthan to simplify the teaching of Sanskrit. The main aim of this Project has been to place before the learners of Sanskrit having Punjabi as their mother tongue a list of those Sanskrit words which are still in use both in spoken as well as in written Punjabi language. Such lists were to form the basis of preliminary Sanskrit courses which are to be especially developed for the Punjabi knowing people. This will fecilitate the learning of Sanskrit, on the one hand, and on the other, shall make the learners conscious of the rich heritage of Sanskrit that their language possesses. To the philologically more inquisitive mind it shall also demonstrate the phonetic and semantic devepment of the words of their language form the old Indo-Aryan down to the modern times. There are a number of other linguistic objectives too which the Glossary could be put to depending upon the requirements and needs of the teacher and the taught.

It is our first endeavour in this field. If the Glossary is received favourably by the public and is capable of serving the purposes for which it is meant and has been prepared, we shall be encouraged to undertake similar works in other languages too.

We have been fortunate all along to receive kind co-operation and help of a number of Punjabi and Sanskrit scholars in the planning and execution of this Project, Their names have been mentioned and the assisstance acknowledged at the proper place in the Hindi preface. I express my deep gratitude to all of them once again.

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

I also have to thank sincerely my three colleagues, Dr. Shiva Kumar Mishra (Reader and Head of the Liguistic Unit of this Vidyapeeth), Dr. Azad Mishra (Formerly Lecturer in this Vidyapeetha and now Reader at the Lucknow Vidyapeetha) and Dr. (Mrs.) Shail Kumari Mishra (Lecturer in the Language Unit of this Vidyapeetha) who have spared no pains to make this Glossary academically sound and scientifically perfect, although Punjabi is not the mother tongue of anyone of them. All of them have willingly and voluntarily acquired the working knowledge of Punjabi in order to do justice to this academic venture. They have executed the task assigned to them to my entire satisfaction.

The printing of the Dictionary was a problem to us. Allahabad has no printing press which might undertake the job of Gurmukhi printing. Shri Upendra Tripathi of Shakuntal Madranalaya, however, took up this challenge. He went to Punjab and Delhi to procure Gurmukhi types and made his compositors learn Punjabi language and Gurmukhi script so that they could carry out this job well. My special thanks and blessings are due to this young entrepreneur,

Any comments or suggestion of the scholars towards the improvement of this scheme shall be most gratefully received, and seriously considered.

G. N. Jha Kendriya Sanskrit Vidyapeeth
Allahabad
December 5th, 1987

G. C. Tripathi
Principal

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

पंजाबी-संस्कृत-शब्दकोश

भूमिका

1. संकल्पना (Concept)

सुदीर्घकाल तक पराधीनता के कारण मुस्लिम शासन-काल में फारसी तथा ब्रिटिश-काल में अंग्रेजी का वर्चस्व स्थापित होने पर संस्कृत शनैः शनैः सरकारी एवं लोक-व्यवहार-क्षेत्र से दूर होती चली गयी। तब वह स्वैच्छिक रूप से राजाओं, जमींदारों तथा मन्दिर-मठों के द्वारा स्थापित संस्कृत-विद्यालयों में तथा व्यावसायिक दृष्टि से आयुर्वेद, चिकित्सा, ज्योतिष एवं कर्मकाण्ड में जीवित रही। इस समय तक भाषा के रूप में उसका प्रभाव कर्मकाण्ड, चारों धाम एवं सप्त तीर्थों तक सीमित रह गया, जहाँ से इसने भारत की सांस्कृतिक एकता को सुरक्षित रखा।

स्वातंत्र्योत्तर काल में संस्कृत के प्रति लोक में परस्पर दो विरोधी धारणाएँ फैलीं। कुछ असहिष्णु लोग "संस्कृत भाषा जटिल है", "संस्कृत धार्मिक भाषा है", "संस्कृत समुदाय-विशेष की भाषा है," "संस्कृत मृत भाषा है" आदि-आदि कटूक्तियों द्वारा संस्कृत पर अनवरत प्रहार करने लगे। दूसरी ओर संस्कृत यद्यपि जनता के भाषिक जगत् से दूर चली गयी, तथापि इसके प्रति लोगों की श्रद्धा एवं आस्था में ह्रास नहीं हुआ। भारतीय संस्कृति एवं विद्याओं में आस्था रखने वाले और अनेक प्रकार से संस्कृत के महत्त्व को समझने वाले अब भी संस्कृत के अध्ययन-अध्यापन में निःस्वार्थ भाव से लगे रहे। संस्कृत के ह्रास का एक कारण आधुनिक शिक्षा-पद्धति का बहु-आयामी होना भी रहा है। इस काल में ज्ञान-क्षेत्र में विस्फोट के कारण छात्रों पर अनेक विषयों का बोझ लदता गया। भाषा के रूप में संस्कृत की अपेक्षा हिन्दी एवं अंग्रेजी का वर्चस्व होने के कारण भी संस्कृत के प्रति लोकरुचि कम हुई। उधर पाठशालाओं में संस्कृत के साथ अनेक आधुनिक विषय पढ़ाये जाने के कारण संस्कृत के गहन अध्ययन की परिपाटी चरमरा गयी। सरकारी शिक्षा-नीति के निरन्तर परिवर्तनशील होने के कारण संस्कृत-शिक्षा चौराहे पर आ खड़ी हुई। त्रिभाषा-सूत्र के आने से विद्यालयों में संस्कृताध्ययन के अवसर क्षीण हो गये। अनेक प्रदेशों में क्षेत्रीय भाषा (कन्नड आदि), हिन्दी तथा अंग्रेजी का पठन-पाठन होने लगा। कहीं-कहीं तो केवल दो ही भाषायें पढ़कर छात्र छुट्टी पाने लगे; जैसे तमिलनाडु में तमिल एवं अंग्रेजी और उत्तर-प्रदेश में हिन्दी एवं अंग्रेजी।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

इस स्थिति में पारम्परिक शैली से संस्कृत-शिक्षण व्यर्थ सिद्ध हो गया। परिणामतः संस्कृत-जिज्ञासुओं को संस्कृत-भाषा का ज्ञान अल्प समय में किस विधि से दिया जाय, प्रारम्भिक स्तर पर किस प्रकार की शैक्ष्य सामग्री दी जाय, इत्यादि ज्वलन्त प्रश्न हमारे समक्ष उठ खड़े हुए। संस्कृत-शिक्षण के सरलीकरण तथा आधुनिकीकरण का श्री-गणेश यहीं से प्रारम्भ होता है।

आधुनिक विद्यालयों एवं पारम्परिक पाठशालाओं में संस्कृत-अध्येताओं के अतिरिक्त भी संस्कृत-भाषा के शिशिक्षुओं एवं जिज्ञासुओं के अनेक स्तर होने के कारण संस्कृत-शिक्षण की सरलतम विधि की आवश्यकता अनुभूत हुई। सरकारी सेवा-निवृत्त कुछ ऐसे उत्साही शिक्षित लोग हैं, जो अपने अध्ययन-काल में तो संस्कृत-शिक्षा से वंचित रह गये, किन्तु अब संस्कृत के सांस्कृतिक एवं शाश्वत मूल्य को जानने के पश्चात् मौलिक रूप से संस्कृत पढ़ना चाहते हैं। कुछ ऐसे विदेशी भाषाविद् हैं जो संसार की अत्यन्त प्राचीन भाषाओं में अन्यतम संस्कृत के ज्ञान-विज्ञान की समृद्ध राशि को मूल रूप से जानना चाहते हैं। कुछ ऐसे भी हैं जो केवल रामायण, महाभारत, गीता अथवा कालिदास के साहित्य का ही अवगाहन करना चाहते हैं। विभिन्न शिक्षास्तर एवं विभिन्न भाषा-भाषी क्षेत्र से आने के कारण इन समस्त संस्कृत-ज्ञान-पिपासुओं को परम्परा-प्राप्त-प्रणाली से संस्कृत सिखाना समयसाध्य, श्रमसाध्य एवं द्रव्यसाध्य होगा। इनके लिये संस्कृत-शिक्षण की विधियों में सरलता के उपाय ढूँढने होंगे, जिससे अल्प समय में जिज्ञासु संस्कृत की अमूल्य राशि का ज्ञान प्राप्त कर सकें।

एक बात और। हिन्दी-भाषा-प्रेमी को जिस पद्धति से संस्कृत सिखलायी जायेगी, ठीक उसी पद्धति से फ्रैंच भाषा-भाषी को संस्कृत नहीं सिखलाई जा सकती। संस्कृत-शिक्षण में एक मलयालम भाषा-भाषी जिन आवश्यकताओं का अनुभव करेगा, ठीक उन्हीं आवश्यकताओं का अनुभव पंजाबी भाषा-भाषी भी करे, आवश्यक नहीं। आवश्यकताएँ एवं अपेक्षाएँ बदल जाने पर विधि एवं शैक्ष्य सामग्री भी बदल जायगी। शब्द-भण्डार बदलेंगे, वाक्य-संरचनाएँ बदलेंगी, व्याकरण-मूलक जिज्ञासाएँ बदल जायेंगी। अतएव आवश्यकता है, विभिन्न भाषा-भाषियों के लिये उनकी माँग एवं अपेक्षाओं के अनुसार पाठ्यक्रम एवं शैक्ष्य सामग्री का निर्माण करके उन्हें संस्कृत सिखलाने की।

किसी भी भाषा के शिक्षण में दो प्रमुख प्रतिबन्धक तत्त्व होते हैं—व्याकरण एवं शब्दावली। संस्कृत में ये दोनों ही तत्त्व अन्य भाषाओं की तुलना में अधिक जटिल हैं। संस्कृत में उपसर्ग, प्रत्यय, समास आदि के द्वारा एक शब्द के समानान्तर अनेक शब्द गढ़ने की अद्भुत क्षमता है। शिशिक्षु समानान्तर एवं पर्यायवाची शब्दों के अरण्य में अपने को घिरा देख कर घबरा जाता है। शब्दों के रूप एवं उनके लिङ्ग की समस्या कुछ कम कठिन नहीं है। यह तथ्य है कि संस्कृत (वैदिक तथा लौकिक) अधिकांश आधुनिक भारतीय भाषाओं की जननी तथा आर्येतर भारतीय भाषाओं की संपोषिका है। अतएव संस्कृत से विकसित होने के कारण इन आधुनिक भारतीय भाषाओं में संस्कृत के प्रायः अस्सी प्रतिशत शब्द लेखन, पठन एवं व्यवहार में नित्य प्रयुक्त होते हैं। यदि आधुनिक भारतीय भाषाओं में से संस्कृत-मूलक एवं समानार्थक शब्दों का चयन करके उसके आधार पर संस्कृत में प्रान्तीय तथा राष्ट्रिय पाठ्यक्रम

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

तथा शैक्ष्य सामग्री का निर्माण किया जाय तो कम-से-कम शब्दावली की समस्या का समाधान अवश्य हो जायगा। इससे संस्कृत का शिक्षण निश्चित रूप से सरल होगा और स्वल्प काल में ही संस्कृत-शिक्षण के अधिसंख्य उद्देश्य पूरे हो सकेंगे। इसी पृष्ठभूमि में प्रस्तुत शब्द-कोश का जन्म हुआ है।

यह कार्य सर्व प्रथम पंजाबी-भाषा से आरंभ किया गया है। पंजाबी-भाषा से योजनारंभ के पीछे अन्य भाषाओं के प्रति हमारा अनादरभाव नहीं है। सभी भाषाएँ महान् हैं। परन्तु, कहीं से तो प्रारंभ करना ही था। पंजाब वेदों की भूमि रहा है। भाषा-विकास की दृष्टि से पंजाबी संस्कृत से अधिक निकट है। अतएव यहीं से कार्यारंभ की संगति भी बैठती है। प्रस्तुत शब्द-कोश से अति प्रचलित शब्दों को छाँटकर उनके आधार पर पंजाबी भाषा-भाषी क्षेत्र के लिये यदि संस्कृत में पाठ्यक्रम एवं शैक्ष्य सामग्री का निर्माण किया जाय, तो संस्कृत-शिक्षण अवश्य ही प्रभावी तथा सरल हो सकेगा। शब्दावली की जटिलता के समाप्त हो जाने पर शिशिक्षुओं के समक्ष अब केवल व्याकरण-संबंधी समस्या ही शेष रहेगी। भारत की अन्य भाषाओं में यदि इस प्रकार की संस्कृत-मूलक एवं समानार्थक शब्दावलियों का चयन किया जाय और फिर, उन चयनित शब्दावलियों की परस्पर तुलना की जाय, तो एक ऐसी समन्वित शब्दावली प्रकाश में आएगी जिसके आधार पर संस्कृत में राष्ट्रिय पाठ्यक्रम का विकास किया जा सकता है।

ऊपर संस्कृत-शिक्षण के सरलीकरण के प्रसङ्ग में प्रस्तुत कोश के शैक्षणिक मूल्य की विस्तार से चर्चा की गयी। एतदतिरिक्त यह कोश राष्ट्र की भाषात्मक एवं भावात्मक एकता को सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होगा। अतः इसका राष्ट्रीय मूल्य भी कुछ कम नहीं है। यह सत्य है कि भारत का राज्यों में विभाजन भाषा के आधार पर हुआ है, जो चिन्तकों के विचार से समुचित नहीं हुआ। देश के समक्ष जूझने के लिए पूर्व से ही जाति, धर्म, सम्प्रदाय, वर्ग और वर्ण-भेद की समस्याएँ कुछ कम नहीं थीं। अब भाषा-विवाद भी उनमें जुड़ गया। यह भाषायी विवाद दिनानुदिन गहराता जा रहा है। इस स्थिति में उक्त प्रकार के द्विभाषीय तुलनात्मक कोश सम्पूर्ण राष्ट्र में भावनात्मक एकता के विकास में योगदान कर सकते हैं। जब व्यक्ति सुदूर प्रदेश में अपनी ही भाषा के शब्दों के प्रयोग देखता-सुनता है, तब वहाँ की भाषा के प्रति उसका प्रेमभाव जागृत होता है। इस भाषा से उसका परिचय ज्यों-ज्यों बढ़ता है, वैमनस्य भाव कम होता जाता है। फिर उस भाषा में बोलने वाले व्यक्तियों तथा उनके रीति-रिवाजों के प्रति हमारी आदर-भावना बढ़ती है। इस प्रकार शनैः शनैः एकात्मकता की भावना दृढ़ होती है। यदि भारतीय भाषाओं के बीच लिपि की दीवार हटा दी जाय तो हमारा विश्वास है कि भाषागत विवाद पचास प्रतिशत कम हो जायेंगे; क्योंकि समस्त भारतीय भाषाओं की धमनियों में संस्कृत का ही रक्त प्रवाहित हो रहा है। इस बात की परमावश्यकता है कि प्रथम चरण में संस्कृत के साथ समस्त आधुनिक भारतीय भाषाओं और द्वितीय चरण में परस्पर आधुनिक भारतीय भाषाओं के तुलनात्मक कोशों का निर्माण किया जाय।

इतना ही नहीं, यदि पश्चिम की प्राचीनतम समृद्ध भाषाओं में ग्रीक तथा लैटिन तथा पूर्व की भाषाओं में संस्कृत तथा अवेस्ता के परस्पर तुलनात्मक कोश तैयार किये जायें तो पता चलेगा कि इनमें भाषागत प्रचुर साम्य है। यही नहीं, हमें यह जानकर सुखद आश्चर्य होगा कि इन भाषाओं की छलछाया

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

में पनपी संस्कृतियों में भी विलक्षण साम्य है। तब गोरे और काले तथा पूर्व और पश्चिम का भेद-भाव स्वतः निर्मूल हो जायगा। तब हम देखेगें कि समस्त प्रदेशों, देशों, जातियों एवं धर्मों में केवल दृष्टि-भेद है। मूलतः सभी एक ही नृवंश से सम्बन्धित हैं। और वे एक ही स्थान से चलकर विभिन्न दिशाओं में फैले हैं। दक्षिणपूर्व एशिया के देश—थाईलैण्ड, कम्बोडिया, इन्डोचीन, वर्मा, जावा, सुमात्रा इत्यादि देश तो भारतीय संस्कृति से पूर्ण प्रभावित हैं। समीक्षकों की सम्मति है कि उक्त प्रकार के कोश अन्य आवश्यक शैक्षिक अथवा साहित्यिक कार्यों में तो सहायक सिद्ध होंगे ही, साथ-साथ पारिभाषिक शब्दावली के निर्माण में इनका प्रचुर उपयोग किया जा सकता है। शोधकार्य की दिशा में यह कोश अधिक उपादेय होगा।

2. विधि (Procedure)

संस्कृत अधिसंख्य आधुनिक भारतीय भाषाओं एवं क्षेत्रीय भाषाओं की जननी है तथा समस्त भारतीय आर्येतर भाषाओं की सम्पोषिका है। इस कारण संस्कृत के लगभग अस्सी प्रतिशत शब्द तत्सम या तद्भव रूप में भारत की समग्र भाषाओं में नित्य लेखन, पठन तथा व्यवहार में आते हैं। इस कारण भाषा-शास्त्रीय दृष्टि से इसका प्रचुर महत्त्व है। संस्कृत-वाङ्मय की शब्द-सम्पदा विशाल है और इसका व्याकरण अत्यन्त वैज्ञानिक है। शब्द-सम्पदा की विशालता एवं व्याकरण की वैज्ञानिकता जहाँ एक ओर संस्कृत की विशिष्टता है, दूसरी ओर संस्कृत के प्रचार-प्रसार में ये कुछ कठिनाइयाँ भी उत्पन्न करती हैं। इसी कारण संस्कृत-शिक्षण के आधुनिकीकरण एवं सरलीकरण की मांग बराबर उठती रहती है।

संस्कृत से सम्बद्ध शिक्षाविदों, भाषाविदों, शिक्षाधिकारियों एवं संस्कृतज्ञों का मत है कि प्रत्येक प्रादेशिक या क्षेत्रीय भाषा में प्रचलित संस्कृत की तत्सम एवं तद्भव शब्दावली का संकलन करके यदि उस क्षेत्र के लिये संस्कृत का एक पृथक् पाठ्यक्रम विकसित किया जाय और तदनुरूप शैक्ष्य सामग्री प्रदान की जाय, तो उस क्षेत्र के लोगों के लिये संस्कृत-शिक्षण निश्चित रूप से सरल होगा; क्योंकि उन्हें संस्कृत के नये शब्द सीखने का अतिरिक्त परिश्रम नहीं करना पड़ेगा। ये शब्द उनके लिये चिर-परिचित होंगे।

इस तथ्य को ध्यान में रखकर शिक्षा-मन्त्रालय, भारत सरकार के तत्कालीन भाषा-निदेशक एवं राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के निदेशक श्रीमान् के० के० सेठी ने 1979 ई० में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के अन्तर्गत गङ्गानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, इलाहाबाद के विद्वान् प्राचार्य डा० गयाचरण त्रिपाठी के कुशल निर्देशन में इसी विद्यापीठ के भाषानुभाग को यह कार्य सौंपा। भाषा-निदेशक ने यह ठीक ही अनुभव किया कि चूंकि पंजाब वैदिक भाषा एवं संस्कृति का मुख्य केन्द्र रहा है, अतएव सर्वप्रथम पंजाबी-भाषा से ही संस्कृत-मूलक एवं समानार्थक शब्दों का संचयन करके इसके आधार पर विकसित पाठ्यक्रम द्वारा पंजाबी-क्षेत्र में संस्कृत-शिक्षण का कार्य आरम्भ किया जाय। इसके लिये सर्वप्रथम श्री आर० एल० टर्नर प्रणीत "ए कम्परेटिव डिक्शनरी आफ इन्डो आर्यन लैंग्वेजेज", शिक्षा-मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रकाशित 'हिन्दी वर्ड्स कामन टू अदर इन्डियन लैंग्वेजेज' का हिन्दी-पंजाबी-प्रखण्ड एवं "सबकी बोली" से शब्द-संकलन का कार्यविश्लेषण-सहित पृथक्-पृथक् शब्द-पत्रों पर किया गया। उक्त ग्रन्थों से लगभग तीन हजार शब्द संकलित किये जाने पर शब्द-पत्रों में पंजाबी शब्दों की गुरुमुखी लिपि, उनकी बारम्बारता तथा लिङ्गादि-व्याकरण-विश्लेषण और पंजाबी तथा संस्कृत-शब्दों की समानार्थता के

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

निश्चयन एवं प्रमाणीकरण को आवश्यक जानकर राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के तत्कालीन निदेशक श्रीसेठी महोदय ने संस्कृत एवं पंजाबी-भाषा के मर्मज्ञ विद्वानों, भाषाविदों एवं शिक्षाविदों की एक गोष्ठी आयोजित करने की स्वीकृति प्रदान की। गोष्ठी द्वारा कार्य एक मेज़ से उठकर देश के विभिन्न कोने से पधारे विद्वानों के समक्ष जाता है। इससे एक ओर जहाँ विद्वज्जनों के वैदुष्य का लाभ प्राप्त होता है, दूसरी ओर उक्त कार्य का प्रचार-प्रसार भी होता है।

उक्त कार्य के लिये भाषानुभाग की प्रथम 'पंजाबी-संस्कृत-कार्यगोष्ठी' दिनांक 15-3-80 से 20-3-80 की अवधि में दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली में आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भूतपूर्व संस्कृतविभागाध्यक्ष एवं वयोवृद्ध प्रोफेसर श्री साधुराम शास्त्री ने की थी। उक्त गोष्ठी के आदरी (आनरेरी) निदेशक डा० हरभजन सिंह, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, आधुनिक भारतीय भाषा-विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय ने गोष्ठी का उद्घाटन किया था। इस गोष्ठी में 3000 शब्द-पत्रों का वाचन एवं संशोधन-पुरस्सर प्रमाणीकरण किया गया। उक्त गोष्ठी के समापनसमारोह की अध्यक्षता दिल्ली वि० वि० के तत्कालीन कुलपति प्रो० उदित नारायण सिंह ने की थी। उस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वक्तव्य देते हुए लोक-सभाध्यक्ष चौधरी श्री बलराम जाखड़ ने कहा था कि संस्कृत देववाणी है और पंजाबी गुरुवाणी। अतएव संस्कृत-पंजाबी का भाषाशास्त्रीय तुलनात्मक अध्ययन एक ओर जहाँ राष्ट्र में भाषात्मक एवं भावात्मक एकता की दिशा में अत्यन्त उपादेय होगा, दूसरी ओर इसके आधार पर विकसित पाठ्यक्रम द्वारा पंजाबी-क्षेत्र के लिये संस्कृत-शिक्षण सुकर हो सकेगा। लोक-सभाध्यक्ष ने उस समय सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन पर निराशा खेद प्रकट करते हुए कहा था कि योजनाएं प्रारम्भ तो होती हैं, किन्तु उनके परिणाम सामने नहीं आते। उनका यह उद्बोधन हमारे लिये सदा चुनौती का कार्य करता रहा।

इसी क्रम में द्वितीय कार्यगोष्ठी गङ्गानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, इलाहाबाद के परिसर में दि० 15-12-80 से दि० 20-12-80 की अवधि में सम्पन्न हुई। इस बीच भाषानुभाग ने पुनः 4500 शब्दों का संकलन कर लिया था। इस गोष्ठी में 4500 शब्दपत्रों की पूर्वरीति से समीक्षा की गयी तथा भाषानुभाग द्वारा निर्मित "पंजाबी-भाषा क्षेत्रीय संस्कृत-पाठ्यक्रम" के प्रारूप का प्रथम वाचन करके अपेक्षित संशोधन भी किया गया। इस गोष्ठी की अध्यक्षता गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर के गुरु नानक अध्ययन-विभाग के भूतपूर्व अध्यक्ष एवं प्रोफेसर डा० प्रीतमसिंह ने की थी। इस गोष्ठी के प्रतिभागी विद्वानों ने सुझाव दिया कि इस शब्दावली का संकलन-कार्य तब तक परिपूर्ण नहीं कहा जा सकता, जब तक भाषा-विभाग, पटियाला का 'पंजाबी-हिन्दी कोश', तथा भाई कान्ह सिंह के 'महान् कोश' से शब्द-संग्रह न कर लिये जायें।

इस गोष्ठी के तत्काल पश्चात् भाषानुभाग ने सर्वप्रथम "पंजाबी हिन्दी कोश" उपलब्ध करके पूर्व संकलित 7500 शब्दों के अतिरिक्त इस 'पंजाबी हिन्दी कोश' तथा 'भारतीय व्यवहार-कोश' से 4500 शब्दों का संकलन किया। इसी बीच भाई कान्ह सिंह का विश्रुत, किन्तु दुर्लभ 'महान् कोश' पुनः मुद्रित हो गया। इसके उपलब्ध होते ही इससे तथा 'पंजाबी इंग्लिश डिक्शनरी' से लगभग 4000 शब्दों का संकलन किया गया। 8500 नवनिर्मित शब्द-पत्रों के प्रमाणन एवं द्वितीय कार्य-गोष्ठी में

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

विकसित 'पंजाबी क्षेत्रीय संस्कृत-शिक्षण-पाठ्यक्रम' को अन्तिम रूप प्रदान करने के लिये गोष्ठियों की शृङ्खला में पंजाबी-संस्कृत-भाषाविदों एवं शिक्षाविदों की तृतीय कार्यगोष्ठी दि० 26-3-82 से 30-3-82 की अवधि में गङ्गानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, इलाहाबाद के परिसर में सम्पन्न हुई। इस कार्य-शाला का उद्घाटन मुख्यातिथि के रूप में आमन्त्रित शीर्षस्थ भाषाविद् प्रो० उदय नारायण तिवारी ने किया तथा अध्यक्षता वैयाकरण पं० भूपेन्द्रपति त्रिपाठी ने की (अब दोनों दिवंगत हो चुके हैं)। इस गोष्ठी के समापन-समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो० उदित नारायण सिंह, तत्कालीन कुलपति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद पधारे थे तथा समारोह की अध्यक्षता इलाहाबाद विश्वविद्यालय के भूतपूर्व कुलपति प्रो० बाबूराम सक्सेना ने की थी। इस गोष्ठी में लगभग 4000 शब्द-पत्रों का प्रमाणन हो पाया तथा पाठ्यक्रम को अन्तिम रूप प्रदान कर दिया गया। गोष्ठी के विद्वानों ने परामर्श दिया कि भाषानुभागी अधिकारी भी कतिपय दिवसों के लिये चंडीगढ़ जाकर आवश्यकतानुसार पुस्त-कालयों एवं विशेषज्ञों से परामर्श लेकर शेष कार्य पूरा करें। फिर गोष्ठी की आवश्यकता नहीं होगी।

तृतीय गोष्ठी के प्रस्तावानुसार भाषानुभाग के दोनों अधिकारियों ने मई, 1983 के द्वितीय सप्ताह में पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ के परिसर में रहकर डा० ओमप्रकाश वसिष्ठ एवं डा० अजमेर सिंह के सहयोग से शेष शब्द-पत्रों का प्रमाणन किया। इस प्रकार इस कोश में पंजाबी के संस्कृत-मूलक एवं समानार्थक कुल 16000 शब्दों का संकलन-विश्लेषण पुरस्सर किया गया है। यह कहना सर्वथा अनुपयुक्त होगा कि पंजाबी में संस्कृत-मूलक समानार्थी शब्द मात्र इतने ही हैं। यदि पंजाबी की समस्त प्राचीन एवं आधुनिक तथा लिखित एवं अलिखित बोल-चाल के साहित्य एवं भाषा से शब्द-संकलन किये जायें तो निश्चय ही अच्छी खासी संख्या में संस्कृतमूलक समानार्थक शब्द प्राप्त होंगे।

3. व्यवस्था (Arrangement)

अभिधान

प्रस्तुत ग्रन्थ का नाम 'पंजाबी-संस्कृत-शब्दकोश' (Punjabi Sanskrit Glossary) रखा गया है। यहाँ यह शंका स्वाभाविक है कि 'शब्दकोश' के लिये अंग्रेजी में प्रचलित शब्द 'डिक्शनरी' (Dictionary) है। फिर शब्दकोश के लिये अंग्रेजी अभिधान में "ग्लॉसरी" शब्द का प्रयोग किस उद्देश्य से किया गया? अथवा यदि इस कोश के आंग्लभाषीय अभिधान "Punjabi Sanskrit Glossary" को आधार मानकर विचार किया जाय तो भी शंका की गुंजाइश रहेगी ही। अंग्रेजी के 'ग्लॉसरी' का रूपान्तर है—'शब्दावली', 'शब्द-संग्रह' 'शब्द-संकलन' इत्यादि। फिर क्यों नहीं हिन्दी अभिधान में 'शब्दकोश' के स्थान पर 'शब्दावली' 'शब्द-संग्रह' अथवा 'शब्द-संकलन' रखा गया? तथ्य यह है कि उपर्युक्त दोनों विकल्पों में किसी एक विकल्प को स्वीकार कर लेने पर हमारी बात नहीं बनती। प्रस्तुत ग्रन्थ न तो सम्पूर्णतया 'शब्दकोश' है और न ही 'ग्लॉसरी'। 'शब्दकोश' में सामान्यतया अकारादि क्रम से शब्द, शब्दों का उच्चारण, उनकी निरुक्ति तथा व्याकृतियाँ, उनके विभिन्न अर्थ, उनके पर्याय और विपर्याय तथा उनसे सम्बद्ध विभिन्न प्रयोग भी दिये गये होते हैं। इसके अन्तर्गत उस भाषा के शब्दों के सम्बन्ध में सम्पूर्ण सूचनाएँ दी गयी हो सकती हैं अथवा सूचनाओं का केवल एक भाग भी दिया गया हो सकता है। किन्तु इस कोश में ऐसा नहीं है। इसमें शब्दों

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

के प्रायः दो अथवा तीन ही अर्थ दिये गये हैं। शब्दों के पर्याय एवं विपर्याय तथा शब्दों से सम्बद्ध विभिन्न प्रयोगों का इसमें अविकलतया अभाव है। पुनश्च पंजाबी भाषा के अधिसंख्य शब्दों को इसमें स्थान भी नहीं प्राप्त हुआ है। अतएव इस कोश की तुलना दैनिक व्यवहार में प्रचलित सामान्य कोशों से नहीं की जा सकती। इसे 'ग्लॉसरी' मात्र कहना भी समुचित नहीं है, क्योंकि 'ग्लॉसरी' में अकारादि क्रम से शब्द तो दिये गये होते हैं, किन्तु शब्दकोश के समान इन शब्दों से सम्बद्ध अनेक सूचनाएँ नहीं दी गयी होती हैं। ग्लॉसरी प्रायः ग्रन्थान्त में दी जाती है। किन्तु इस कोश में शब्दों के संग्रह के अतिरिक्त ध्वन्यङ्कन, व्याकरणिक टिप्पणियाँ एवं अर्थ भी दिये गये हैं। यह सब 'ग्लॉसरी' में नहीं होता। अतएव इस कोश के लिये 'ग्लॉसरी' अभिधान भी समुचित नहीं है। इसका एक कारण यह भी है कि इसमें शब्दों का संकलन न तो सामान्यतया प्रचलित कोशों के अनुसार किया गया है और न ही 'ग्लॉसरी' में संगृहीत शब्दावली के समान। वस्तुतः इसे पंजाबी-संस्कृत-शब्दों का 'विशिष्ट कोश' कहना अधिक उपयुक्त होगा। विशिष्टता का आधार यह है कि इस कोश में पंजाबी भाषा के उन्हीं शब्दों को स्थान दिया गया है, जो संस्कृत-भाषा से विकसित होकर पंजाबी में आये हैं तथा जिन्होंने अपने में संस्कृत के अर्थ आज भी सुरक्षित रखे हैं। तात्पर्य यह है कि इस शब्दकोश में उन्हीं शब्दों का संचयन किया गया है, जो पंजाबी तथा संस्कृत में ध्वनि एवं अर्थ की दृष्टि से समान हैं। इस कोश में पंजाबी-भाषा के वे समग्र शब्द छोड़ दिये गये हैं, जिनका विकास संस्कृत से न होकर किसी अन्य भाषा से हुआ है अथवा वे शब्द देशज हैं। इसमें उन शब्दों का भी संग्रह नहीं किया गया है, जिनका अर्थ पंजाबी तथा संस्कृत-भाषा में असमान हो। इस कोश की एक विशिष्टता यह भी है कि इसमें नागरी तथा रोमन लिपि में शब्दों के उच्चारण का यथावत् ध्वन्यङ्कन देने का प्रयास किया गया है।

अनुक्रम

इस कोश में संगृहीत शब्दावली का प्रारम्भ गुरुमुखी लिपि में निबद्ध पंजाबी-शब्दों से होता है। चूंकि पंजाबी-भाषा के शब्दों को आधार मानकर इनके संस्कृत-मूल तक पहुँचने का प्रयास किया गया है, अतएव कोश का आरम्भ पंजाबी-शब्दों से होना स्वाभाविक था। इस प्रकार के कोशों की प्रक्रिया भी यही होती है। अनेक विवरणों के साथ गुरुवाणी से देववाणी तक पहुँचने का यह प्रथम प्रयास है, यह विनम्रतापूर्वक कहा जा सकता है।

कोश के विवेच्य इन प्रमुख शब्दों (Catch words) के पश्चात् नागरी तथा रोमन लिपि में इन शब्दों के उच्चारण का यथावत् ध्वन्यङ्कन देने का प्रयास किया गया है। पंजाबी-शब्दों के उच्चारणों का दो लिपियों में ध्वन्यङ्कन देने के मूल में यह उद्देश्य रहा है कि इस कोश का विपुल प्रसार हो सके तथा इसके पाठकों की संख्या में पर्याप्त अभिवृद्धि हो सके। "यथावत् ध्वन्यङ्कन का प्रयास किया गया है"— यह व्याख्या-सापेक्ष है। कोश में वस्तुतः किसी भी भाषा के शब्दों के उच्चारण का यथावत् ध्वन्यङ्कन करना दुस्तर कार्य होता है। कारण, एक ही शब्द प्रदेश-भिन्नता एवं वक्तृ-भिन्नता के कारण भिन्न-भिन्न रूप से उच्चारित होता है। कोश में इन समस्त भिन्न उच्चारणों का ध्वन्यङ्कन असम्भव है। अतएव कोशों में उनके मानक उच्चारण का ही ध्वन्यङ्कन किया जाता है। ध्वन्यङ्कन की यह कठिनाई तब और भी बढ़ जाती है, जब किसी भाषा-विशेष की लिपि में न दिया जाकर भाषान्तर की लिपि में दिया जाता है। इसका कारण यह है कि भाषा-विशेष के सभी वर्णों के लिये भाषान्तर में न तो पर्यायवाची वर्ण होते

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

हैं और न ही ध्वनि-संकेत। प्रत्येक लिपि जिस भाषा के लिये निर्मित होती है, उसी भाषा की समस्त ध्वनियों को व्यक्त करने में अक्षम होती है, फिर अन्य भाषा की ध्वनियों की अभिव्यक्ति की बात तो दूर ही है। बोलने और लिखने में समन्वय का दावा करना धृष्टता है। एक उदाहरण—संस्कृत में 'घर' शब्द का उच्चारण पंजाबी में अन्य प्रकार से होता है। पंजाबी में 'घर' की 'घ' ध्वनि 'क' और 'ग' के बीच की मिश्रित ध्वनि-जैसी उच्चारित होगी। इसका ध्वनि-संकेत कुछ (क ह् र) जैसा होगा। पंजाबी के 'भगवान' और 'भाभी' आदि शब्दों का उच्चारण भी इसी प्रकार होगा। पंजाबी-भाषा में शब्द के प्रारम्भ में किसी वर्ग का सघोष महाप्राण वर्ण आने पर उसका उच्चारण अघोष अल्पमहाप्राण की तरह होकर उस पर अधिक बल दिया जाता है।

ध्वन्यङ्कन की इसी कठिनाई को दृष्टि में रखकर कतिपय कोशकारों ने शब्दों का लिप्यन्तरण-मात्र करके छोड़ दिया है। इससे पाठक अथवा भाषा सीखने वालों में अशुद्ध उच्चारण का अभ्यास बढ़ता जा रहा है। "अकरणात् मन्दकरणं श्रेयः" इस सदुक्ति का अवलम्ब लेकर प्रस्तुत कोश में यथावत् ध्वन्यङ्कन देने का प्रयास किया गया है। हमारा तो यह भी उद्देश्य है कि पंजाबीतर पाठक भी पंजाबी भाषा के शब्दों का सही उच्चारण सीख सकें। सम्भव है, इस प्रसङ्ग में अनेक स्थलों पर त्रुटियाँ रह गयी हों, सुधी पाठक क्षमा करेंगे।

ध्वन्यङ्कन के पश्चात् कोष्ठक में कहीं तो [1], कहीं [2], तथा कहीं [3] संख्या दर्शायी गयी है। कोष्ठकों के अन्दर की ये संख्यायें पंजाबी-भाषा में प्रयोग तथा प्रचलन के आधार पर तत्तत् शब्दों की बारम्बारता (Frequency) को सूचित करतीं हैं। बारम्बारता का निर्धारण केवल पंजाबी भाषा के शब्दों का ही किया गया है। पंजाबी-भाषा में कम प्रचलित शब्दों को संख्या [1] से, प्रचलित शब्दों को [2] से तथा अतिप्रचलित शब्दों को [3] से दर्शाया गया है। परिशिष्ट भाग के शब्दों के आगे कोई भी कोष्ठक नहीं है। इसका कारण यह है कि परिशिष्टगत शब्दों की बारम्बारता के विषय में विद्वानों में मतभेद है। इस प्रसङ्ग में कुछ विद्वान् कट्टरवादी हैं जिनका कथन है कि परिशिष्टगत ये सभी शब्द वर्तमान पंजाबी में बिल्कुल अप्रचलित हैं। इनका प्रचलन शून्य की कोटि का है। अतएव कोश के सन्दर्भ में इन पर विचार करना तथा इन्हें कोश में स्थान देना व्यर्थ है। किन्तु विद्वानों का एक वृन्द उदारवादी है जिसका दृष्टिकोण है कि अनुभव के आधार पर यह कथन सर्वथा तथ्यरहित है कि इन शब्दों का प्रचलन अब पंजाबी में नहीं होता। ऐसा दावा कोई कर भी नहीं सकता; क्योंकि पंजाबी-भाषा की आज कई बोलियाँ हैं। बहुत सम्भव है, किसी-न-किसी बोली में इनका प्रचलन अब भी होता हो। थोड़ी देर के लिये यह स्वीकार भी कर लिया जाय कि पंजाबी की किसी भी बोली में इन शब्दों का प्रयोग अब नहीं होता, तो भी यह निर्विवाद है कि कोशों तथा साहित्यिक-धार्मिक ग्रन्थों में इनका प्रयोग हुआ है तथा इनका अध्ययन-मनन अब भी होता है। अतएव बारम्बारता की दृष्टि से इनको शून्य कोटि में रखना तर्कसङ्गत नहीं प्रतीत होता है।

इन दो विरुद्ध मतों में समन्वय कैसे किया जाय ? वास्तव में दोनों ही मतों में बल है। दोनों ही मतों का अपना-अपना पुष्ट आधार है। निरवधि काल एवं विपुल पृथ्वी को दृष्टि में रखकर यह कहना समुचित प्रतीत नहीं होता कि अमुकामुक शब्दों का प्रचलन अब नहीं होता। पूरी-की-पूरी हिब्रू भाषा एक युग के अन्तराल के बाद भी जब प्रचलन में आ सकती है, तो फिर शब्दों का क्या कहना ?

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अतएव प्रयोग की दृष्टि से शून्य कोटि का होने पर भी अमुकामुक शब्द शब्दकोश की सम्पत्ति होने में बाधक नहीं है। और जहाँ तक भाषाशास्त्रीय आधार पर भाषा-विकास का प्रश्न है, यह सत्य है कि परिशिष्टगत पंजाबी-शब्द संस्कृत-भाषा से विकसित हैं। अतएव ये इस कोश की सम्पदा होने के अधिकारी हैं।

यहाँ यह कह देना अत्यन्त प्रासङ्गिक होगा कि बारम्बारता के निर्धारण के लिये यहाँ कोई निर्धारित वैज्ञानिक प्रक्रिया नहीं अपनायी गयी है। यहाँ बारम्बारता का निर्धारण वस्तुनिष्ठ न होकर व्यक्तिनिष्ठ है। वैज्ञानिक प्रक्रिया के अनुसार इन समस्त शब्दों के बारम्बारता-निर्धारण में अपार समय अपेक्षित था और तब यह कोश अधिक विलम्ब से प्रकाशित होता। बारम्बारता का निर्धारण इस प्रसङ्ग में आयोजित गोष्ठियों में भाग लेने वाले पंजाबी-विद्वानों ने किया है।

बारम्बारता के पश्चात् पंजाबी-शब्दों की व्याकरणिक टिप्पणियाँ दी गई हैं। इन शब्दों के संज्ञा (नाम) होने पर पुंल्लिग अथवा स्त्रीलिङ्ग के संकेताक्षर 'पुं०' अथवा 'स्त्री०' से, सर्वनाम होने पर 'सर्व०' से, विशेषण होने पर 'वि०' से, अव्यय होने पर 'अ०' से तथा क्रिया-विशेषण होने पर 'क्रि० वि०' से दर्शाया गया है। शब्दों के क्रिया होने पर उनको सकर्मक अथवा अकर्मक के संकेताक्षर 'सक० क्रि०' अथवा 'अक० क्रि०' से दिखाया गया है। पंजाबी की कोई क्रिया यदि संस्कृत के किसी सिद्ध क्रियापद से विकसित हुई है, तो उसके वर्तमान-कालिक होने पर 'वर्त०', भूतकालिक होने पर 'भूत०' और भविष्यत्कालिक होने पर 'भवि०' से निर्दिष्ट किया गया है। यथा—

ਵਸਸਿ वससि Vasasi भवि० अक० क्रि०
वत्स्यसि (भ्वादि अक० लृट्) रहेगा, निवास करेगा।

पंजाबी-शब्दों के सामने की सूचनाएँ यहीं समाप्त होती हैं। पंजाबी-शब्दों का यह विश्लेषण अधिकांशतया एक ही पंक्ति में समाप्त हो गया है, किन्तु कहीं-कहीं दो पंक्तियों तक भी चला गया है।

पंजाबी-शब्दों के विश्लेषण के अनन्तर द्वितीय पंक्ति से संस्कृत-शब्दों का विश्लेषण आरंभ होता है। संस्कृत-भाषा के जिस मूल शब्द से पंजाबी-शब्द का विकास हुआ है, उस संस्कृत-मूल को काले-मोटे अक्षरों से दिखलाया गया है। यहाँ ध्यातव्य है कि संस्कृत-शब्दों के संज्ञा, विशेषण, सर्वनाम अथवा अव्यय होने पर उनका प्रातिपदिक (मूल शब्द) रूप ही दिया गया है, न कि पद। यथा—'ਉਸਟ' को 'उष्ट्र' से विकसित दिखलाया गया है, न कि पद 'उष्ट्रः' से। हाँ, पंजाबी-क्रियाओं के विकास को दिखलाने के लिए संस्कृत की मूल धातु से न दिखलाकर उस धातु के वर्तमान कालिक (लट् लकार) प्रथम पुरुष के एक वचन के रूप से दिखलाना समुचित समझा गया। यथा, पंजाबी के ਉੱਕਰਦਾ' को संस्कृत की उत्-उपसर्ग सहित कृ-धातु के लट्-लकार प्रथम पुरुष एकवचन के रूप 'उत्किरति' से विकसित दिखलाया गया है। पंजाबी-क्रियाओं के विकास को दिखलाने की यही प्रक्रिया इस कोश में आसर्वत्र अपनायी गयी है। इस पद्धति से दोनों ही भाषाओं की क्रियाओं का साम्य-बोध झटिति हो जाता है। इस पद्धति से क्रिया आत्मनेपद की है अथवा परस्मैपद की—इसका भी ज्ञान तत्काल हो जाता है। इस कोश के अन्तर्गत पंजाबी की जितनी भी क्रियायें संगृहीत की गयी हैं, सभी प्रत्ययान्त हैं। अतएव इनका संस्कृत-मूल भी प्रत्ययान्त ही दिया गया है। यदि पंजाबी-क्रियाओं का संस्कृत-मूल केवल धातु का निर्देश-मात्र करके दिखलाया जाता, तो कई विसंगतियों के उत्पन्न होने की संभावनाएं थीं। महान् कोशकार आर० एल० टर्नर ने भी अपने कोश में इसी प्रक्रिया को अपनाया है।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

संस्कृत-शब्दों के आगे कोष्ठकों में पंजाबी-शब्दों के समान ही उनकी व्याकरणिक टिप्पणियाँ दी गयी हैं। संस्कृत-शब्दों के संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण एवं अव्यय या क्रिया-विशेषण होने पर पंजाबी शब्दों के समान ही संकेताक्षरों का प्रयोग किया गया है। किन्तु क्रिया होने पर कोष्ठक में उस धातु के गण-निर्देश के साथ-साथ धातु के सकर्मक होने पर 'सक०' तथा अकर्मक होने पर 'अक०' से निर्देश दिया गया है। यदि यह धातु प्रेरणार्थक है तो इसका 'प्रेर०' से उल्लेख किया गया है। किन्तु पंजाबी-क्रिया के संस्कृत के सिद्ध क्रिया-पद से विकास की स्थिति में संस्कृत-शब्दों के आगे कोष्ठकों में लकार एवं वचन का निर्देश किया गया है। यथा—

ਲਖਾਮ ਲखाम् Lakhăm सक० वर्त० क्रि०
लक्षयामि (चुरादि लट् उ० पु० सक०) मैं देखता हूँ; मैं जानता हूँ।

इसके पश्चात् शब्दार्थों की बारी आती है। यह पहले ही कहा गया है कि इस शब्द-कोश में पंजाबी-भाषा से उन्हीं शब्दों का संचयन कर विश्लेषण किया गया है, जो पंजाबी तथा संस्कृत में अर्थ की दृष्टि से समान हैं। इस दृष्टि से संस्कृत-शब्दों के आगे जितने भी अर्थ दिये गये हैं, वे पंजाबी तथा संस्कृत—दोनों भाषाओं में समानार्थी हैं। हाँ, यह तथ्य पृथक् है कि सम्प्रति किसी-किसी शब्द का यदि संस्कृत में अर्थ-विस्तार हुआ है, तो पंजाबी में अर्थ-संकोच और यदि पंजाबी में अर्थ-विस्तार हुआ है तो संस्कृत में अर्थ-संकोच, पर मूलार्थ (अभिधार्थ) उभयत्र समान है। जहाँ एक ही शब्द के दो-तीन भिन्न अर्थ देने की आवश्यकता पड़ी है, वहाँ सेमीकोलन से उन भिन्न अर्थों को दिखलाया गया है। पर्याय देने पर अर्ध विराम (कॉमा) का प्रयोग किया गया है।

संस्कृत-शब्दों के आगे जितने भी अर्थ दिये गये हैं तथा उनको व्यक्त करने वाले शब्दों में जो भी शब्द ध्वनि-साम्य की दृष्टि से संस्कृत-शब्द के समीप हैं, उनको अर्थों की शृङ्खला में सर्वप्रथम स्थान दिया गया है। यथा, पंजाबी 'ਉਠਾਨ' के लिये संस्कृत 'उत्थान' के अर्थाभिव्यञ्जक शब्दों में 'उठान' ध्वनि की दृष्टि से संस्कृत 'उत्थान' से अधिक समीप है, 'उन्नति' आदि शब्द दूर चले गये हैं। अतएव 'उठान' को सबसे पहले रखा गया है। यही रीति सर्वत्र अपनायी गयी है।

प्रस्तुत कोश में कहीं-कहीं मुख्य शब्द (catch word) के ऊपर 1, 2, 3, या 4 की संख्याएँ दर्शायी गयी हैं। ऐसा विशेष स्थिति में ही करना पड़ा है। जब पंजाबी के एक या अनेक शब्द वर्तनी एवं उच्चारण की दृष्टि से तो समान रहे हैं, किन्तु अर्थ-भिन्नता के कारण उनका संस्कृत-मूल भी भिन्न रहे हों, तभी उनको इन संख्याओं से निर्दिष्ट करना पड़ा है। यथा—ਉਸਟ। पंजाबी में 'ਉਸਟ'—का विकास 'ऊँट' के अर्थ में संस्कृत के 'उष्ट्र' शब्द से हुआ है, किन्तु 'होंठ' के अर्थ में इसका संस्कृत-मूल 'ओष्ठ' है। अतएव संस्कृत-मूल की भिन्नता के कारण एक ही शब्द का उल्लेख कई बार करना पड़ा है।

व्यवस्था की दृष्टि से विचारणीय है शब्दों का क्रम। प्रस्तुत कोश में शब्दों का क्रम पंजाबी की वर्णमाला के क्रमानुसार रखा गया है। पंजाबी-वर्णमाला का क्रम इस प्रकार है—

स्वर

ੳ ੳੂ ੳ ਅ ਆ ਅੈ ਅੌ ਅੰ ਇ ਈ ੲ

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

व्यञ्जन

ਸ਼	ਸ	ਹ		
ਕ	ਖ	ਗ	ਘ	ਙ
ਚ	ਛ	ਜ	ਝ	ਞ
ਟ	ਠ	ਡ	ਢ	ਣ
ਤ	ਥ	ਦ	ਧ	ਨ
ਪ	ਫ	ਬ	ਭ	ਮ
ਯ	ਰ	ਲ	ਵ	

पंजाबी के स्वरादि शब्दों में सर्वप्रथम ੳ से आरंभ होने वाले शब्दों को रखा गया है, अनन्तर ੳ, ੲ आदि स्वरों से आरंभ होने वाले शब्दों को; क्योंकि पंजाबी की स्वर-माला में ੳ ही आदि स्वर है। इसी प्रकार व्यंजनादि शब्दों में सर्वप्रथम ਸ਼-ਸ से आरंभ होने वाले शब्दों को रखा गया है, बाद में ਹ, ਕ आदि व्यंजनों से आरंभ होने वाले शब्दों को; क्योंकि पंजाबी की व्यंजन-माला में सर्वप्रथम स्थान ਸ का ही है।

यहाँ ध्यातव्य है कि स्वर से प्रारम्भ होने वाले शब्दों का क्रम तो पंजाबी-वर्णमाला के स्वरों के क्रमानुसार ही रखा गया है, किन्तु व्यंजन के साथ संयुक्त होने पर स्वरों का क्रम देवनागरी वर्णमाला के स्वरों के क्रमानुसार रखा गया है। इस स्थिति में व्यंजन-संयुक्त स्वरों का क्रम होगा—ਸ, ਸਾ, ਸਿ····· ਸੰ। जो व्यंजन स्वर-रहित हैं, उनको सबसे अन्त में स्थान प्राप्त हुआ है। तात्पर्य है कि ਸ, ਸਾ, ਸਿ····· ਸੰ की समाप्ति के पश्चात् ही स्वर-रहित व्यंजन आये हैं। यथा—स्थ, स्न आदि। पंजाबी-भाषा के सुप्रसिद्ध कोश 'महान् कोश' में भी उपर्युक्त क्रम ही अपनाया गया है।

4. आभार (Gratitude)

कोश-निर्माण के इस दीर्घ अन्तराल में अनेक विद्वज्जनों का योगदान रहा है। हम सबके हृदय से अभारी हैं। उनमें कुछ लोगों का नामतः स्मरण करना हम अपना पावन कर्त्तव्य समझते हैं। इस क्रम में सर्वप्रथम उन शब्दकोशों अथवा शब्दावलियों के विद्वान् सम्पादकों एवं लेखकों के प्रति हम अपनी अखण्ड श्रद्धा अर्पित करते हैं, जिनसे हमने इस कोश में पंजाबी के शब्दों का संचयन किया है। इस प्रसङ्ग में शिक्षा-मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रकाशित 'हिन्दी वर्ड्स कामन टू अदर-इण्डियन लैंग्वेजेज' का हिन्दी-पंजाबी-प्रखण्ड, श्रीयुत आर० एल० टर्नर प्रणीत 'ए कम्परेटिव डिक्शनरी ऑफ इण्डो आर्यन लैंग्वेजेज, 'सबकी बोली', श्रीविश्वनाथदिनकर नरवणे द्वारा रचित 'भारतीय व्यवहार-कोश,' भाई कान्ह सिंह द्वारा सम्पादित 'महान् कोश,' भाषा-विभाग पटियाला का 'पंजाबी-हिन्दी कोश' तथा 'पंजाबी-इंग्लिश डिक्शनरी' विशेषतः उल्लेखनीय है। कोशों की शृङ्खला में स्व० चतुर्वेदी द्वारका प्रसाद शर्मा तथा पण्डित तारिणीश झा द्वारा सम्पादित 'संस्कृत-शब्दार्थ कौस्तुभ' तथा सर मोनियर विलियम द्वारा प्रणीत 'संस्कृत-इंग्लिश डिक्शनरी' एवं डा० हरदेव बाहरी का 'बृहत् अंग्रेजी-हिन्दी कोश' भी नाम्ना उल्लेखनीय है, जिनसे अर्थों के निर्धारण एवं अनेकानेक शंकाओं के समाधान में प्रचुर सहायता प्राप्त हुई है। सिद्धान्त-ग्रन्थों में भट्टोजिदीक्षित द्वारा रचित 'सिद्धान्त कौमुदी' ने हमारी अनेकानेक गुत्थियाँ सुलझाई हैं।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

क्षेत्रीय भाषाओं की शब्दावलियों के आधार पर विकसित पाठ्यक्रम द्वारा संस्कृत-शिक्षण की इस योजना की मूल संकल्पना एवं कार्यान्वयन का सम्पूर्ण श्रेय राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के तत्कालीन निदेशक एवं शिक्षा-मन्त्रालय, भारत सरकार के भाषा-निदेशक श्रीयुत केवल कृष्ण सेठी, आई० ए० एस० को जाता है, जिन्होंने न केवल यह योजना दी, अपितु भाषानुभाग द्वारा विकसित शब्द-पत्रों में उल्लिखित तथ्यों के प्रमाणन-हेतु गोष्ठी आयोजित करने की संस्वीकृति भी प्रदान की, जिसके अभाव में यह कोश सम्भवतः पूरा नहीं होता। जब तक संस्थान से उनका सम्बन्ध रहा, तब तक इस योजना के विषय में औपचारिक पत्राचार, दूरभाष अथवा अन्यान्य प्रकार से हमें उनकी प्रेरणा तथा उत्साह प्राप्त होता रहा। संस्थान से उनका औपचारिक सम्बन्ध छूट जाने पर भी अनौपचारिक रूप से इस योजना के सम्बन्ध में वे जिज्ञासा करते रहे। उनके प्रति आभार के टकसाली दो शब्द कहकर यदि मैं हृद्य-संभार को कुछ कम करना चाहूँ, तो छल के अतिरिक्त कुछ नहीं होगा। उनके प्रति हमारी असीम श्रद्धा विनयावनत है।

पूर्वचर्चित गोष्ठीत्रय में मुख्य अतिथि तथा अध्यक्ष के रूप में पधारे गणमान्य विद्वानों एवं मनीषियों, जिनका नामतः उल्लेख हम पिछले पृष्ठों में कर आये हैं, का अनुग्रह हम हृदय से स्वीकार करते हैं, जिनका उद्बोधन तथा अनुप्रेरण-भाषण हमें सर्वदा अनुप्रेरित करता रहा और हम आगे बढ़ते रहे। इन गोष्ठियों में देश के कोने-कोने से प्रतिभागी के रूप में समागत विद्वज्जनों के अमूल्य परामर्श, सुझाव एवं सहयोग सदा-सदा स्मृत होते रहेंगे। इन सब के प्रति हम हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। अस्थानीय प्रतिभागियों में पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ के 'पंजाबी इंग्लिश डिक्शनरी विभाग' से पधारे शब्दकोश-विज्ञान के दो विशेषज्ञों—डा० ओम प्रकाश वसिष्ठ, रीडर तथा डा० अजमेर सिंह, प्रवक्ता का नामतः उल्लेख करना चाहूँगा, जिनके अमूल्य सुझाव एवं सहयोग से, वास्तव में, यह ग्रन्थ शब्दावली के धरातल से उन्नीत होकर कोश की समीपता का संस्पर्श कर सका है। इन विद्वानों ने पंजाबी-शब्दों के ध्वन्यङ्कन, बारम्बारता तथा लिङ्गादि-निर्धारण में पर्याप्त सहायता प्रदान की है। हम इनके आभार-भार से संकुचित रहने में ही गौरव का अनुभव करते हैं। अस्थानीय प्रतिभागियों में ही श्री विद्यानिधि पाण्डेय तथा श्री श्रीकृष्ण सेमवाल के नाम सहसा मानस-पटल पर आ जाते हैं, जिन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित प्रथम गोष्ठी के आयोजन में अनेकानेक निःस्वार्थ सेवाएँ अर्पित कीं। स्थानीय प्रतिभागियों में भाषा एवं शिक्षा के मर्मज्ञ श्रीमान् महावीर-प्रसाद लखेड़ा, जो अब संसार में नहीं है, का नाम भी निःसङ्कोच उल्लिखित करना चाहूँगा, जिनके औपचारिक-अनौपचारिक छोटे-बड़े सुझाव एवं अवदान इस कोश को अत्यन्त सहज भाव से निरन्तर प्राप्त होते रहे हैं। सौ पाठों में सौ शिक्षण-बिन्दुओं द्वारा संस्कृत-शिक्षण की कल्पना इन्हीं के मस्तिष्क की उद्भावना है। कोश एवं पाठ्यक्रम के प्रति स्व० लखेड़ा के समस्त अवदान के प्रति हम हृदय से आभारी हैं। स्थानीय व्यक्तियों में ही आदरणीय डा० हरदेव बाहरी के प्रति हम सप्रश्रयावनत हैं, जिन्होंने इस कोश की रूपरेखा तैयार करने तथा पंजाबी विद्वानों के नाम सुझाने में हमारी सहायता की है। इसी क्रम में खालसा इण्टर कालेज, इलाहाबाद की प्राध्यापिका श्रीमती अमरजीत कौर सोढ़ी साधुवादार्ह हैं, जिन्होंने पंजाबी-शब्दों के व्याकरण-सम्बन्धी बिन्दुओं का पुनरीक्षण अत्यन्त सहज भाव से सम्पन्न किया।

कोई भी योजना कुशल निर्देशन एवं उदार शासन के सद्भाव में ही समुचित परिणाम देती

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

है। अन्यथा 'विनायकं प्रकुर्वाणो रचयामास वानरम्' के समान हास्यास्पद हो जाती है। सौभाग्य से इस योजना को इस विद्यापीठ के विद्वान् प्राचार्य डा० गयाचरण त्रिपाठी के कुशल निर्देशन एवं उदार संरक्षण—दोनों ही निरन्तर प्राप्त होते रहे। डा० त्रिपाठी चूंकि पौरस्त्य एवं पाश्चात्य—अनेक भाषाओं के अधिकारी विद्वान् हैं और साथ ही भाषा-शास्त्र में इनकी गम्भीर पैठ भी है। अतएव इनके वैदुष्य का अनायास लाभ इस कोश को क्षण-क्षण मिला है। राजकीय बन्धन को जितना भी शिथिल किया जा सकता था, शिथिल करके उन्होंने इस कोश के निर्माण के लिये अवसर जुटाये हैं। उनके प्रति कृतज्ञता-ज्ञापन के दो शब्द कहकर इस सम्पूर्ण योजना के प्रति उनकी सहज आत्मीयता एवं भाषानुभाग के प्रति स्नेहसिक्त अनुग्रह का अवमूल्यन करने का दुःसाहस मुझमें नहीं है।

संस्थान के भूतपूर्व निदेशक आदरणीय डा० रामकरण शर्मा ने कोश-निर्माण में पदे-पदे प्रोत्साहन दिया है तथा वर्तमान निदेशक माननीय डा० मण्डन मिश्र ने इस कोश के प्रकाशन की संस्वीकृति अत्यन्त सहज भाव से प्रदान कर हमारा अत्यधिक उत्साह-वर्द्धन किया है। हम इन विद्वानों के प्रति सप्रश्रयावनत हैं।

स्व-स्व कर्म में निरत रहते हुए भी अपने सुहृद्वर सर्वश्री डा० किशोरनाथ झा प्रवाचक, डा० राघवप्रसाद चौधरी प्रवक्ता, डा० जगन्नाथ पाठक प्रवक्ता तथा सुश्री अर्चना चतुर्वेदी शोधसहायिका ने कोश के निर्माण में अनेक प्रकार की सेवाए अर्पित की हैं। सम्प्रति डा० पाठक, रणवीर केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, जम्मू में प्राचार्य तथा डा० चौधरी शिक्षा-विभाग के अध्यक्ष हैं। हम इनके अत्यन्त आभारी हैं। पुस्तकालयीय नियमों को ढीला करके आवश्यकतानुसार कोश एवं सिद्धान्त-ग्रन्थों को उपलब्ध कराने के लिए सामान्यतया पुस्तकालय के समस्त कर्मचारी और विशेषतया श्री सूरजबहादुर वर्मा, श्री रामानन्द थपलियाल, श्री अनिलकुमार सिंह तथा श्री ज्ञानचन्द्र श्रीवास्तव धन्यवादार्ह हैं।

श्रम एवं सावधानी से कोश-मुद्रण-हेतु शाकुन्तल मुद्रणालय के प्रबन्धक श्री उपेन्द्र त्रिपाठी को धन्यवाद दिये बिना रह नहीं सकता।

भाषानुभाग
गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ
चन्द्रशेखर आजाद पार्क, इलाहाबाद

शिवकुमार मिश्र
अध्यक्ष

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

संकेताक्षर-सूची

अ०	अव्यय
अक०	अकर्मक
आज्ञा०	आज्ञार्थक
ए०	एकवचन
उ०	उत्तम
कर्मवा०	कर्मवाच्य
क्रि०	क्रिया
द्र०	द्रष्टव्य
नपुं०	नपुंसकलिङ्ग
पु०	पुरुष
पुं०	पुल्लिङ्ग
प्र०	प्रथम
प्रेर०	प्रेरणार्थक
ब०	बहुवचन
भवि०	भविष्यत्
भाव०	भाववाच्य
भूत०	भूतकाल
भा० सं०	भाववाचक संज्ञा
म०	मध्यम
व०	वचन
वर्त०	वर्तमान
वि०	विशेषण
सक०	सकर्मक
सप्त०	सप्तम्यन्त
स्त्री०	स्त्रीलिङ्ग

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

पंजाबी-संस्कृत शब्दकोश

(PUNJABI-SANSKRIT GLOSSARY)

ਉ

ਉਆ[1] उआ Uā [1] सर्व०

अदस् > असौ (सर्व०) उस, वह शब्द की विकृति जिसका 'ने' 'को' इत्यादि विभक्ति के साथ ही प्रयोग होता है।

ਉਆ[2] उआ Uā [3] अ०

ओह (अ०) ओह, विस्मय या कष्ट अथवा विषाद सूचक शब्द।

ਉਇ उइ Ui [3] सर्व०

अदस् (सर्व०) वह, दूरस्थ व्यक्ति या वस्तु का बोधक शब्द।

ਉਈ उई Ui [3] अ०

ओह (अ०) ओह, पीड़ा-सूचक शब्द।

ਉਸ उस् Us [3] सर्व०

अदस् > असौ (सर्व०) वह, उसने, दूरस्थ व्यक्ति या वस्तु।

ਉਸਕਣਾ[1] उस्कणा Uskaṇā [3] अक० क्रि०

उच्छ्वसिति (अदादि अक०) उच्छ्वास लेना, उसाँस भरना, लम्बी साँसे लेना।

ਉਸਕਣਾ[2] उस्कणा Uskaṇā [3] अक० क्रि०

उत्कर्षति (भ्वादि अक०) उभरना, ऊपर उठना।

ਉਸਟ[1] उसट् Usaṭ [3] पुं०

उष्ट्र (पुं०) ऊँट।

ਉਸਟ[2] उसट् Usaṭ [3] पुं०

ओष्ठ (पुं०) ओठ, होठ।

ਉਸ਼ਟ उषट् Uṣaṭ [3] पुं०

उष्ट्र (पुं०) ऊँट।

ਉਸਟਨ उस्टन् Usṭan [3] पुं०

उत्सर्जन (उत्सृष्ट) (नपुं०) धोने का भाव, छाँटने का भाव; त्याग।

ਉਸਟਰ उस्टर् Usṭar [1] पुं०

द्र०—ਉਸਟ[1]।

ਉਸਟੰਡ[1] उस्टण्ड् Usṭaṇḍ [3] पुं०

उषितान्ध्य (नपुं०) अन्धेरे में बैठने की क्रिया या भाव; बिना विचारे किसी काम को करने का हठ; उपद्रव; निन्दा; झगड़ा।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਉਸਟੰਡ² उस्टण्ड् Ustaṇḍ [3] वि०
उच्चण्ड (वि०) बड़ा क्रोधी।

ਉਸਟ੍ਰ उस्ट्र Ustra [1] (पुं०)
द्र०—ਉਸਟ¹।

ਉਸਟ੍ਰੀ¹ उस्ट्री Ustrī [1] वि०
उष्ट्रीय (वि०) ऊँट से संबन्धित।

ਉਸਟ੍ਰੀ² उस्ट्री Ustrī [1] स्त्री०
उष्ट्री (स्त्री०) ऊँटनी, ऊँट की मादा।

ਉਸਤਤ उस्तत् Ustat [3] स्त्री०
स्तुति (स्त्री०) स्तुति; प्रशंसा, तारीफ।

ਉਸਤਤਿ उस्तति Ustati [3] स्त्री०
द्र०—ਉਸਤਤ।

ਉਸਤਤਿਵਜਾਜਨਿੰਦਾ उस्ततिव्याज्निन्दा Ustativyājninda [3] स्त्री०
स्तुतिव्याजनिन्दा (स्त्री०) बड़ाई के बहाने निन्दा करना; एक अर्थालङ्कार।

ਉਸਤਰਾ उस्तरा Ustarā [3] पुं०
क्षुर (उत्क्षुर ?) (पुं०) छुरा, उस्तरा।

ਉਸਤੁਰ उस्तुर् Ustur [1] पुं०
द्र०—ਉਸਟ¹।

ਉਸਤੋਤ੍ਰ उस्तोत्र् Ustotr [2] पुं०
स्तोत्र (नपुं०) स्तोत्र; स्तुतिवाक्य, तारीफ।

ਉਸਨ उसन् Usan [1] वि०/पुं०
उष्ण (वि० / पुं०) वि०—उष्ण, गरम; फुर्तीला। पुं०—ग्रीष्मऋतु; नरक विशेष; अग्नि; सूर्य।

ਉਸਨਕ उस्नक् Usnak [1] वि०
उष्णक (वि०) फुर्तीला; चालाक; तापक, गर्म करने वाला।

ਉਸਨਤਾਪ उसन्ताप् Usantāp [3] पुं०
उष्णताप (पुं०) पित्तज्वर; पित्तविकार; गर्मी से होने वाला ताप।

ਉਸਨਾ उस्ना Usnā [2] पुं०/क्रि० वि०
उशनस् (पुं०/क्रि० वि०) पुं०-शुक्र, दैत्यों के गुरु। क्रि० वि०—प्रसन्नतापूर्वक; तत्काल।

ਉਸਨੀਸ उस्नीस् Usnīs [1] पुं०
उष्णीष (पुं०) जो सिर को गर्मी से बचावे, पगड़ी; ताज, मुकुट।

ਉਸਨੀਕ उस्नीक् Usnīk [1] पुं०
द्र०—ਉਸਨੀਸ।

ਉਸਰਨਾ उसर्ना Usarnā [3] अक० क्रि०
उत्सरति (भ्वादि अक०) ऊपर बढ़ना, उठना; हटना।

ਉਸਾਸ उसास् Usās [3] पुं०
उच्छ्वास (पुं०) उच्छ्वास, ऊपर को खींची हुई लम्बी साँस।

ਉਸਾਸਾ उसासा Usāsā [3[पुं०
द्र०—ਉਸਾਸ।

ਉਸਾਹ उसाह् Usāh [1] पुं०
उत्साह (पुं०) उत्साह, हौसला; हिम्मत।

ਉਸਾਹੀ उसाही Usāhī [1] वि०
उत्साहिन् (वि०) उत्साही; हिम्मतवाला; उद्यमी।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਉਸਾਣ उसाण् Usāṇ [1] पुं०
अवसान (नपुं०) अवसान, अन्त ।

ਉਸਾਰ उसार् Usār [2] पुं०
उशीर (पुं०, नपुं०) खस ।

ਉਸਾਰਣ उसारण् Usāraṇ [1] पुं०
उत्सर्जन (नपुं०) बनाने या रचने का भाव ।

ਉਸਾਰਣਾ उसार्णा Usārṇā [3] पुं०
द्र०—ਉਸਾਰਣ ।

ਉਸਾਰੂ उसारू Usārū [3] वि०
उत्सर्जक (वि०) बनानेवाला, रचयिता ।

ਉਸ਼ੀਨਰ उशीनर् Uśīnar [3] पुं०
उशीनर (पुं०) गांधार देश; राजा शिवि के पिता ।

ਉਸ਼ੀਰ उशीर् Uśīr [2] पुं०
उशीर (नपुं०) खस, पन्ही की जड़ ।

ਉਸੇਸ उसेस् Uses [3] पुं०
उच्छ्वास (पुं०) ठंडी साँस ।

ਉਸੇਨਾ उसेना Usenā [1] सक० क्रि०
उष्णयति (नामधातु सक०) उष्ण करना, तपाना; सेंकना; रीन्हना; उबालना ।

ਉਸ਼ੇਰ उशेर् Uśer [3] स्त्री०
उषोवेला (स्त्री०) उषवेल > उषेल > उशेर् । उषा काल, सवेरा ।

ਉਸ਼ਟ्र उष्ट्र Uṣtra [1] पुं०
द्र०—ਉਸਟ[1] ।

ਉਸ੍ਤਤਿ उस्तति Ustati [1] स्त्री०
द्र०—ਉਸਤਤ ।

ਉਹ[1] उह् Uh [3] सर्व०
अदस् > असौ (सर्व० प्रथमान्त) वह, दूरस्थ व्यक्ति या वस्तु ।

ਉਹ[2] उह् Uh [3] अ०
उह/ओह (अ०) ओह; आह; संबोधन बोधक शब्द ।

ਉਹਾਂ उहाँ Uhā̃ [3] सर्व०
तत्स्थाने (सर्व० सप्तम्यन्त) वहाँ, उस स्थान पर ।

ਉਹੀਂ उहीं Uhī [2] सर्व०
द्र०—ਉਹਾਂ ।

ਉਕਸਣਾ उक्सणा Uksaṇā [2] अक० क्रि०
उत्कर्षति (भ्वादि अक०) क्रुद्ध होना, उत्तेजित होना, भड़कना; ऊपर उठना ।

ਉਕਸਨਾ उक्सना Uksanā [1] अक० क्रि०
द्र०—ਉਕਸਣਾ ।

ਉਕਸਾਉਟ उक्साउट् Uksāuṭ [3] पुं०
उत्कर्षण (नपुं०) उकसाने अथवा भड़काने का भाव ।

ਉਕਸਾਉਣਾ उक्साउणा Uksāuṇā [3] प्रेर० क्रि०
उत्कर्षयति (भ्वादि प्रेर०) उकसाना, भड़काना ।

ਉਕਸਾਵਟ उक्सावट् Uksāvaṭ [2] पुं०
द्र०—ਉਕਸਾਉਟ ।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਉਕਤ[1] उकत् Ukat [3] स्त्री०
युक्ति (स्त्री०) युक्ति, उपाय ।

ਉਕਤ[2] उक्त् Ukt [3] वि०
उक्त (वि०) कहा हुआ, कथित ।

ਉਕਤ[3] उकत् Ukat [3] पुं०
उक्थ (पुं०) प्राण, जीव ।

ਉਕਤ[4] उक्त् Ukt [3] पुं०
उक्त (नपुं०) कथन, बयान ।

ਉਕਤਾ उक्ता Uktā [1] पुं०
वक्तृ (वि०) वक्ता, कहने वाला; कवि ।

ਉਕਤਾਉਣਾ उक्ताउणा Uktāuṇā [3] अक० क्रि०
उत्ववथति (भ्वादि अक०) उकताना, उद्विग्न होना ।

ਉਕਤਿ[1] उकति Ukati [3] स्त्री०
उक्ति (स्त्री०) कथन, वचन; उक्ति-वैचित्र्य ।

ਉਕਤਿ[2] उक्ति Ukti [2] स्त्री०
उक्ति (स्त्री०) दलील, तर्क ।

ਉਕਤਿਬਿਲਾਸ उक्तिबिलास् Uktibilās [2] पुं०
उक्तिविलास (पुं०) कथन का चमत्कार, मनोहर उक्ति ।

ਉਕਤਿਵਿਲਾਸ उक्तिविलास् Uktivilās [2] पुं०
द्र०—ਉਕਤਿਬਿਲਾਸ ।

ਉਕਥ उकथ् Ukath [1] पुं०
द्र०—ਉਕਤ[3] ।

ਉਕੱਥ उकत्थ् Ukatth [1] पुं०
उक्ति (स्त्री०) उक्ति; लोकोक्ति, कहावत ।

ਉਕਰਣਾ उकर्णा Ukarṇā [3] सक० क्रि०
उत्कृन्तति (तुदादि सक०) कुतरना, काटना, टुकड़े करना ।

ਉਕਰਨਾ उकर्ना Ukarnā [1] सक० क्रि०
द्र०—ਉਕਰਣਾ ।

ਉਕਲੇਦ उक्लेद् Ukled [3] पुं०
उत्क्लेद (पुं०) वमन, उल्टी ।

ਉਕੜੂ उक्ड़ू Ukṛū [3] पुं०
उत्कुटक (पुं०) बैठना या टेढ़े बैठने का भाव ।

ਉਕਾਉਣਾ उकाउणा Ukāuṇā [3] सक० क्रि०
उत्क्राम्यति (भ्वादि सक०) भुलावे में डालना, बहकाना ।

ਉਕਾਸਣਾ[1] उकास्णा Ukāsṇā [2] सक० क्रि०
उत्कासयति (चुरादि सक०) परावर्तित करना, लौटाना ।

ਉਕਾਸਣਾ[2] उकास्णा Ukāsṇā [3] अक० क्रि०
द्र०—ਉਕਸਣਾ ।

ਉਕਾਸਨਾ उकास्ना Ukāsnā [2] सक० क्रि०
द्र० ਉਕਸਣਾ ।

ਉਕੇਰਾ उकेरा Ukerā [3] पुं०
उत्किर (पुं०) उत्कीर्ण करनेवाला, नक्काशी करने वाला; खोदने वाला ।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ੳੱਕਣਾ उक्कणा Ukkaṇā [2] अक० क्रि०
उत्क्रामति (भ्वादि अक०) भूल करना, चूकना।

ੳੱਕਰਨਾ उक्करना Ukkarnā [3] सक० क्रि०
उत्किरति (भ्वादि अक०) उत्कीर्ण करना, खोदना, उकेरना।

ੳੁਖਲ उखल् Ukhal [3] स्त्री०
उलूखल (पुं०) ऊखल, ओखली।

ੳੁਖਲੀ उख्ली Ukhlī [3] स्त्री०
उलूखली (स्त्री०) छोटी ऊखल।

ੳੁਖੱਲਣਾ उखल्लणा Ukhallaṇā [1] सक० क्रि०
उत्खुरति (तुदादि सक०) चमड़ा उतारना, उधेड़ना।

ੳੱਖਣ उक्खण् Ukkhaṇ [1] सक० क्रि०
उत्खनन (नपुं०) खनने या खोदने का भाव।

ੳੱਖਣਨਾ उक्खण्ना Ukkhaṇnā [3] सक० क्रि०
उत्खनति (भ्वादि सक०) खोदना, नक्कासी करना।

ੳੱਖਲ उक्खल् Ukkhal [3] पुं०
उलूखल (पुं०) ऊखल, ओखली।

ੳੱਖਲੀ उक्खली Ukkhlī [3] स्त्री०
उलूखली (स्त्री०) छोटी ऊखल, ओखली।

ੳੁਗਮਣਾ उगम्णा Ugamṇā [3] अक० क्रि०
उद्गच्छति (भ्वादि अक०) सूर्य का उगना; उछलना; प्रवेश करना।

ੳੁੰਗਰਨਾ उंगर्ना Uṅgarnā [1] सक० क्रि०
अङ्कुरयति (चुरादि अक०) अंकुरित होना, उगना।

ੳੁਗਰਾਹਾ उग्राहा Ugrāhā [3] पुं०
उद्ग्राहक (पुं०) कर-संग्राहक, टैक्स वसूलने वाला।

ੳੁਗਰਾਹੀ उग्राही Ugrāhī स्त्री०
उद्ग्राह (पुं०) उगाही, वसूली; इकट्ठी की हुई चन्दा आदि राशि।

ੳੁਗਰਾਹੀਆ उग्राह्या Ugrāhyā [3] पुं०
उद्ग्राहिन् (वि०) उगाही करने वाला, वसूली करने वाला।

ੳੁਗਰਾਹੁਣਾ उग्राहुणा Ugrāhuṇā [3] सक० क्रि०
उद्गृह्णाति (क्र्यादि सक०) उगाहना, वसूली करना, इकट्ठा करना।

ੳੁੰਗਲ उंगल् Uṅgal [3] स्त्री०
अङ्गुलि (स्त्री०) अँगुली।

ੳੁਗਲਣਾ उगल्णा Ugalṇā [3] सक० क्रि०
उद्गिलति (तुदादि सक०) उगलना, मुँह से बाहर करना।

ੳੁਗਲਨਾ उगल्ना Ugalnā [1] सक० क्रि०
द्र०—ੳੁਗਲਣਾ।

ੳੁੰਗਲੀ उंग्ली Uṅglī [1] (स्त्री०)
अङ्गुलि (स्त्री०) अंगुली, ऊँगली।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਉਗਵਣ उग्वण् Ugvaṇ [1] पुं०
उद्गमन (नपुं०) उगना, अंकुरित होने का भाव।

ਉਗਵਨ उग्वन् Ugvan [1] पुं०
द्र०— ਉਗਵਣ।

ਉਗਾਹ उगाह् Ugāh [1] पुं०
उद्ग्राह (पुं०) उगाहने अथवा उठाने का भाव, प्रत्युत्तर; प्रतिवाद।

ਉਗਾਹਣਾ उगाह्णा Ugāhṇā [3] सक० क्रि०
उद्गृह्णाति (क्र्यादि० सक०) उगाहना, वसूल करना, जमा करना, इकट्ठा करना।

ਉਗਾਲ उगाल् Ugāl [3] पुं०
उद्गार (पुं०) जुगाली, पशुओं के चबाने और झाग निकालने का भाव।

ਉਗਾਲਣਾ उगाल्णा Ugalṇā [3]
सक०/अक० क्रि०
उद्गिलति (तुदादि सक०/अ०) उगलना, वमन करना; थूकना।

ਉਗੂਰ उगूर् Ugūr [1] पुं०
अङ्कुर (नपुं०) अङ्कुर, अंखुआ।

ਉੱਗਣਾ उग्ग्णा Uggṇā [3] अक० क्रि०
उद्गच्छति (भ्वादि अक०) उगना, अंकुरित होना, उत्पन्न होना।

ਉੱਗਰਣ उग्गरण् Uggaraṇ [3] पुं०
उद्गिरण (नपुं०) उगलने या उल्टी करने का भाव, वमन।

ਉੱਗਰਨਾ उग्गर्ना, Uggarnā [3] सक० क्रि०
उद्गुरते (तुदादि सक०) ऊपर उठाना।

ਉਗ੍ਰ उग्र् Ugr [3] वि०
उग्र (वि०) उग्र, घोर, विकराल।

ਉਗ੍ਰਸੇਣ उग्रसेण् Ugraseṇ [3] पुं०
द्र०—ਉਗ੍ਰਸੇਨ।

ਉਗ੍ਰਸੇਨ उग्रसेन् Ugrasen [3] पुं०
उग्रसेन (पुं०) उग्रसेन नाम का मथुरा का राजा, जो कंस का पिता था।

ਉਗ੍ਰਸੈਨ उग्रसैन् Ugrasain [3] पुं०
द्र०—ਉਗ੍ਰਸੇਨ।

ਉਗ੍ਰਕਰਮਾ उग्रकर्मा Ugrakarmā [3] वि०
ਪੜੋਸੀ पड़ोसी Paṛosī [3] पुं०
प्रतिवेशिन् (पुं०) पड़ोसी, पास का निवासी।

ਪੜੋਤਰਾ पड़ोत्रा Paṛotrā [2] पुं०
प्रपौत्र > प्रतिपौत्र (पुं०) परपोता, पौत्र का पुत्र।

ਪੜੋਤਰੀ पड़ोत्री Paṛotrī [2] स्त्री०
प्रपौत्री < प्रतिपौत्री (स्त्री०) परपोती, पौत्र की पुत्री।

ਪੜੋਤਾ पड़ोता Paṛotā [3] पुं०
द्र०—ਪੜੋਤਰਾ।

ਪੜੋਤੀ पड़ोती Paṛotī [3] स्त्री०
द्र०—ਪੜੋਤਰੀ।

ਪੜ੍ਹਨਾ पढ़्ना Paṛhnā [3] सक० क्रि०
पठति (भ्वादि सक०) पढ़ना, पठन करना।

ਪੜ੍ਹਾਉਣਾ पढाउणा Paṛhāuṇā [3] सक० क्रि०
पाठयति (भ्वादि प्रेर०) पढ़ाना, पठन कराना।

ਪਾ पा Pā [3] पुं०
पाद (पुं०) चतुर्थांश, चौथाई, चौथा भाग।

ਪਾਂ पाँ Pā̃ [3] स्त्री०
पामन् (पुं०) खुजली, खाज।

ਪਾਉ पाउ Pāu [3] पुं०
द्र०—ਪਾ।

ਪਾਉਣਾ[1] पाउणा Pāuṇā [3] सक० क्रि०
पातयति (भ्वादि प्रेर०) गिराना, चुवाना।

ਪਾਉਣਾ[2] पाउणा Pāuṇā [3] सक० क्रि०
प्रापयति (स्वादि प्रेर०) प्राप्त कराना, पहुँचाना।

ਪਾਈ पाई Pāī [3] स्त्री०
पादिका (स्त्री०) पाई, चतुर्थांश, 1/12 आना।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪਾਈਆ पाईया Pāīā [3] वि०
पादीय (वि०) पाव भर, चौथाई।

ਪਾਸ पास् Pās [3] अ०
पार्श्वम् (अ०) पास, समीप, नजदीक।

ਪਾਸਕ पासक् Pāsak [3] पुं०
प्रासङ्ग (नपुं०) पासंग, पसंगा।

ਪਾਸਲਾ पास्ला Paslā [3] पुं०
पार्श्वल (वि०) बगल-सम्बन्धी, बगल का।

ਪਾਸ਼ਵਿਕ पाश्विक Pāśvik [3] वि०
पाशविक (वि०) पशु संबन्धी; निन्दित; निर्मम-क्रूर।

ਪਾਸ਼ਵਿਕਤਾ पाश्विक्ता Pāśviktā [3] स्त्री०
पाशविकता (स्त्री०) पशु-सम्बन्धी भाव, जंगलीपन; निन्दित कर्म; क्रूरता।

ਪਾਸ਼ਵੀ पाश्वी Pāśvī [3] वि०
पाशविक (वि०) पशु-सम्बन्धी।

ਪਾਸਾ पासा Pāsā [3] पुं०
पाश (पुं०) पासा, अक्षपाश; यमपाश; फाँस, फन्दा।

ਪਾਸੇ पासे Pāse [3] क्रि० वि०
पार्श्वे (क्रि० वि०) पास में, समीप में।

ਪਾਸੋਂ पासों Pāsō [3] क्रि० वि०
पार्श्वेन (तृतीयान्त पद) पास से, समीप से।

ਪਾਹ पाह् Pāh [3] अ०
पार्श्वम् (अ०) पास, समीप।

ਪਾਕ पाक् Pāk [3] पुं०
पाक (पुं०) पाक, पकाने की क्रिया या भाव।

ਪਾਕਸਾਰ पाक्सार् Pāksār [3] स्त्री०
पाकशाला (स्त्री०) भोजनालय, रसोई-घर।

ਪਾਕਸਾਜ पाक्साज् Pāksāj [3] स्त्री०
पाकशाला (स्त्री०) भोजनालय, रसोई-घर।

ਪਾਕਾ पाका Pākā [3] पुं०
पक्व (वि०) पका हुआ, पका।

ਪਾਖਰ[1] पाखर् Pākhar [3] पुं०
प्रखर (पुं०) हाथी या घोड़े का पाखर (कवच)।

ਪਾਖਰ[2] पाखर् Pākhar [3] पुं०
प्लक्ष (पुं०) पाकड़ या पकड़ी का वृक्ष।

ਪਾਟਣਾ पाट्णा Pāṭṇā [3] अक० क्रि०
पाट्यते (चुरादि कर्मवाच्य) विभक्त होना, फटना।

ਪਾਠ पाठ् Pāṭh [3] पुं०
पाठ (पुं०) पाठ, पुस्तक का वह भाग जो किसी विषय से सम्बद्ध हो।

ਪਾਠਕਾ पाठ्का Pāṭhkā [3] स्त्री०
पाठिका (स्त्री०) पाठिका, पढ़ने वाली स्त्री।

ਪਾਠੀਆ पाठीआ Pāṭhīā [3] पुं०
पाठक (वि०) पाठक, पढ़ने वाला, पाठ करने वाला।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪਾਂਡੂ पाँडू Pāṇḍū [3] **वि०**
पाण्डु (वि०) स्वच्छ, सफेद, कुछ पीला-सफेद।

ਪਾਂਡੋ पांडो Pāṇḍo [3] **पुं०**
पाण्डव (पुं०) पाण्डव, राजा पाण्डु के पाँचों पुत्र।

ਪਾਣਾ पाणा Pāṇā [3] **पुं०**
पान (नपुं०) पशुओं का उष्ण पेय, बाँटा इत्यादि।

ਪਾਣੀ पाणी Pāṇī [3] **पुं०**
पानीय (नपुं०) पानी, जल।

ਪਾਤ पात् Pāt [1] **पुं०**
पातक (नपुं०) पातक, पाप।

ਪਾਤਣੀ पात्णी Pātṇī [3] **पुं०**
पत्तनीय (वि०) पत्तन का निवासी, नागरिक, शहरी।

ਪਾਤਰ पातर् Pātar [3] **पुं०**
द्र०—ਪਰਾਤ।

ਪਾਤੀ[1] पाती Pātī [1] **पुं०**
पातिन् (वि०) गिरने वाला; फिसलने वाला।

ਪਾਤੀ[2] पाती Pātī [3] **पुं०**
पत्र (नपुं०) पत्र, चिट्ठी।

ਪਾਂਦ पाँद् Pā̃d [3] **स्त्री०**

पादान्त (पुं०) पैर का छोर, अंगुली; पाद का अन्त।

ਪਾਂਧਣ पाँधण् Pā̃dhaṇ [3] **स्त्री०**
पान्थी (स्त्री०) पथिक स्त्री, राहगीरनी।

ਪਾਧਾ पाधा Pādhā [3] **पुं०**
पुरोधस् (पुं०) पुरोधा, पुरोहित।

ਪਾਂਧੀ पाँधी Pā̃dhī [3] **पुं०**
पान्थ (वि०) पथिक, राही।

ਪਾਪ पाप् Pāp [3] **पुं०**
पाप (नपुं०) पाप, अघ, अधार्मिक कृत्य।

ਪਾਪਣ पापण् Pāpaṇ [3] **स्त्री०**
पापिनी (स्त्री०) पाप करने वाली स्त्री।

ਪਾਪੜ पापड़् Pāpaṛ [3] **पुं०**
पर्पट (पुं०) पापड़, उड़द या मूँग के आटे से निर्मित खाद्य पदार्थ।

ਪਾਪੜੀ पापड़ी Pāpṛī [3] **स्त्री०**
पर्पटी (स्त्री०) छोटा पापड़, पपड़ी, पापड़ी; पापड़ से छोटे आकार में आटे से बनी खाद्य वस्तु।

ਪਾਪਾਤਮਾ पापात्मा Pāpātmā [3] **पुं०**
पापात्मन् (वि०) पापात्मा, पापी।

ਪਾਰ पार् Pār [3] **पुं०**
पार (पुं०, नपुं०) पार, उस पार, दूसरा छोर, अपर तट।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪਾਰਸੀ पार्सी P.rsī [3] पुं०, स्त्री०
पारसिक / पारसीक (वि०) फारश देश (ईरान) की भाषा, परम्परा या वहाँ का निवासी।

ਪਾਰਗਾਮੀ पार्गामी Pārgāmī [3] पुं०
पारगामिन् (वि०) पारगामी, पारंगत, निष्णात।

ਪਾਰਦਰਸ਼ਕ पार्दर्शक् Pārdarśak [3] वि०
पारदर्शक (वि०) पारदर्शक, पार दिखलाई देने वाला।

ਪਾਰਦਰਸ਼ੀ पार्दर्शी Pārdarśī [3] वि०
पारदर्शिन् (वि०) पारदर्शी, उस पार देखने वाला; दूरदर्शी; परिणामविद्।

ਪਾਰਲਾ पार्ला Pārlā [3] पुं०
पारीण (वि०) उस पार का; पारंगत।

ਪਾਰਾ पारा Pārā [3] पुं०
पारद (पुं०) पारा धातु।

ਪਾਰੇ पारे Pāre [3] पुं०
पारे (सप्तम्यन्त पद) उस पार में, अपर तट में।

ਪਾਰੰਗਤ पारंगत् Paraṅgat [1] स्त्री०
परमगति (स्त्री०) परमगति, मोक्ष, मुक्ति।

ਪਾਲਕ[1] पालक् Pālak [3] स्त्री०
पालक्या (स्त्री०) पालक साग।

ਪਾਲਕ[2] पालक् Pālak [3] पुं०
पालक (वि०) पालक, पालन करने वाला।

ਪਾਲਣਾ पाल्णा Pālṇā [3] सक० क्रि०
पालयति (चुरादि सक०) पालन-पोषण करना, संरक्षण करना।

ਪਾਲਤੀ पाल्ती Paltī [1] स्त्री०
द्र०—पलॅथी।

ਪਾਲਤੂ पाल्तू Pāltū [3] वि०
पालित (वि०) पालतू, पाला हुआ।

ਪਾਲਨ पालन् Pālan [3] पुं०
पालन (नपुं०) पालन-पोषण, संरक्षण।

ਪਾਲਾ पाला Pālā [3] पुं०
प्रालेय (नपुं०) पाला, सर्दी, ठंड।

ਪਾਲੀ[1] पाली Pālī [3] पुं०
पाल (पुं०) गड़ेरिया, गड़रिया; ग्वाला।

ਪਾਲੀ[2] पाली Pālī [3] स्त्री०
पालि / पाली (स्त्री०) किनारा, छोर; रेखा।

ਪਾਵਾ पावा Pāvā [3] पुं०
पाद (पुं०) चारपाई आदि आसन का पावा।

ਪਾੜਨਾ पाड़्ना Pāṛnā [3] सक० क्रि०
उत्पाटयति (चुरादि सक०) खोदना; उखाड़ना; फाड़ना।

ਪਾੜਾ पाड़ा Pāṛā [3] पुं०
पाट (पुं०) क्रीडांगन का एक भाग जिसमें एक पक्ष के खिलाड़ी रहते हैं।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪਾੜ੍ਹਾ पाढ़ा Pāṛhā [3] पुं०
पाठक (वि०) पढ़ाने वाला गुरु; पढ़ने वाला, विद्यार्थी।

ਪਿਉ पिउ Piu [3] पुं०
पितृ (पुं०) पिता-माता।

ਪਿਊਸ पिऊस् Piūs [2] पुं०
पीयूष (नपुं०) पीयूष, अमृत, सुधा।

ਪਿਆਉ प्याउ Pyāu [3] पुं०
प्रपा (स्त्री०) प्याऊ, पौसला।

ਪਿਆਉਣਾ प्याउणा Pyāuṇā [3] सक० क्रि०
पाययति (भ्वादि प्रेर०) पिलाना, पीने की प्रेरणा देना।

ਪਿਆਸ प्यास् Pyās [3] स्त्री०
पिपासा (स्त्री०) प्यास, पीने की इच्छा।

ਪਿਆਸਾ प्यासा Pyāsā [3] पुं०
पिपासित (वि०) प्यासा, पीने का इच्छुक।

ਪਿਆਨ प्यान् Pyān [1] पुं०
प्रयाण (नपुं०) अन्तिम गति, मरण; मृत्यु के समय शरीर त्यागने का भाव।

ਪਿਆਲਣਾ प्याल्णा Pyāḷṇā [3] सक० क्रि०
द्र०—ਪਿਆਉਣਾ।

ਪਿਸਣਾ पिस्णा Pisṇā [3] सक० क्रि०
पिनष्टि (रुधादि सक०) पीसना, चूर्ण करना।

ਪਿਸਾਉਣਾ पिसाउणा Pisāuṇā [3] सक० क्रि०
पेषयति (रुधादि प्रेर०) पिसाना, पिसवाना, पीसने की प्रेरणा देना।

ਪਿਸ਼ਾਚਣੀ पिशाच्णी Piśācṇī [3] स्त्री०
पिशाची (स्त्री०) पिशाची, प्रेतिनी, एक निम्न देवयोनि की स्त्री।

ਪਿਸ਼ਾਚੀ पिशाची Piśācī [3] स्त्री०
पैशाची (स्त्री०) पैशाची भाषा; पिशाचों की भाषा।

ਪਿੱਸੂ पिस्सू Pissū [3] पुं०
प्लुषि (पुं०) क्षुद्र जन्तु, घृण्य जीव।

ਪਿਹਾਉਣਾ पिहाउणा Pihāuṇā [3] सक० क्रि०
पेषयति (रुधादि प्रेर०) पिसाना, पिसवाना।

ਪਿੰਗਲਾ पिंग्ला Piglā [3] पुं०
पङ्गुल (वि०) पंगु, लँगड़ा, खोड़ा।

ਪਿੰਗਲੀ पिंग्ली Piglī [3] स्त्री०
पङ्गुली (स्त्री०) लँगड़ी, खोड़ी।

ਪਿਚਕਣਾ पिचक्णा Picakṇā [3] अक० क्रि०
पिच्चयति (नामधातु अक०) पिचकना, दबना।

ਪਿਚਕਾਉਣਾ पिच्काउणा Pickāuṇā [3] सक० क्रि०
पिच्चाययति (नामधातु प्रेर०) पिचकाना।

ਪਿਛਗਾਮੀ पिछ्गामी Pichgāmī [3] वि०
पश्चगामिन् (वि०) पीछे जाने वाला, अनुगामी, पिछलग्गू।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪਿਛਵਾੜ ਪिछ्वाड़् Pichvāṛ [3] स्त्री०
पश्चवाट (पुं०) पिछवाड़ा; पृष्ठ-प्रदेश ।

ਪਿਛਵਾੜਾ पिछ्वाड़ा Pichvāṛā [3] पुं०
द्र०—ਪਿਛਵਾੜ ।

ਪਿਛਾਂਹ पिछाँह् Pichāh [3] वि०
पश्चिम (वि०) पीछे की ओर, पृष्ठ-भाग ।

ਪਿਛੌਟੀ पिछौटी Pichauṭī [3] स्त्री०
पश्चपट्ट (पुं०) पृष्ठ-भार को बाँधने की रज्जु; पिछौटा ।

ਪਿੱਛ पिच्छ् Picch [3] स्त्री०
पिच्छा (स्त्री०) चावल का माँड़ ।

ਪਿੱਛਾ पिच्छा Picchā [3] वि०
पश्चार्ध (वि०) पिछला भाग, अपरार्ध, शेषार्ध ।

ਪਿੱਛੇ पिच्छे Picche [3] अ०
पश्चात् (अ०) पीछे, पीछे से; अन्त में, अन्ततोगत्वा ।

ਪਿੰਜਣ पिंजण् Piñjaṇ [3] पुं०
पिञ्जनं (नपुं०) रुई धुनने की धुनकी या यन्त्र ।

ਪਿੰਜਣਾ पिंजणा Piñjṇā [3] सक० क्रि०
पिञ्जयति (चुरादि सक०) धुनना, पींजना; मारना-पीटना ।

ਪਿੰਜਣੀ पिंजणी Piñjṇī [3] स्त्री०
पिण्डि/पिण्डी (स्त्री०) पिण्डली, टांग की पिण्डुरी ।

ਪਿੰਜਰ पिंजर् Piñjar [3] पुं०
पिञ्जर / पञ्जर (पुं०, नपुं०) अस्थि-पंजर, कंकाल ।

ਪਿੰਜਰਾ पिंजरा Piñjrā [3] पुं०
पिञ्जर/पञ्जर (पुं०, नपुं०) पिंजड़ा ।

ਪਿੰਜੇਰਾ पिंजेरा Piñjerā [3] पुं०
पिञ्जक (वि०) धुनिया, रुई धुनने वाला ।

ਪਿੱਠ पिट्ठ् Piṭṭh [3] स्त्री०
पृष्ठ/पृष्टि/पृष्टी (नपुं० / स्त्री०) पीठ, मेरुदण्ड ।

ਪਿੱਠਭੂਮੀ पिट्ठ्भूमी Piṭṭh-Bhūmī [3] स्त्री०
पृष्ठभूमि (स्त्री०) पृष्ठभूमि, पिछला भाग; प्रसंग ।

ਪਿਡ पिड् Piḍ [3] पुं०
पिण्ड (पुं०) पिण्ड, देह ।

ਪਿੰਡ पिण्ड् Piṇḍ [3] पुं०
द्र०— ਪਿਡ ।

ਪਿੰਡਾ पिण्डा Piṇḍā [3] पुं०
पिण्ड (नपुं०, पुं०) पिण्ड, पिण्डा, खीर आदि का पिण्ड जो पितरों के लिए होता है ।

ਪਿਤਰੀ¹ पित्री Pitrī [3] पुं०
पितृ (पुं०) पितर, मृत पूर्वज आदि ।

ਪਿਤਰੀ² पित्री Pitrī [3] वि०
पित्र्य (वि०) पितरों से सम्बन्धित, पितृ-कर्म आदि ।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪਿਤਰੀ-ਕਰਮ पित्री-करम् Pitrī-Karam [3] पुं०
पितृकर्मन् (नपुं०) पितृ-कर्म, श्राद्ध आदि कर्म।

ਪਿਤਰੀ-ਧਨ पित्री-धन् Pitrī-Dhan [3] पुं०
पितृधन (नपुं०) पैत्रिक सम्पत्ति।

ਪਿਤਰੀ-ਰਿਣ पित्री-रिण् Pitrī-Riṇ [3] पुं०
पितृऋण / पितृण (नपुं०) पितृ-ऋण, प्रजोत्पादन।

ਪਿਤਰੀ-ਲੋਕ पित्री-लोक् Pitrī-Lok [3] पुं०
पितृलोक (पुं०) पितृलोक, यमलोक।

ਪਿਤਾਮਾ पितामा Pitāmā [3] पुं०
पितामह (पुं०) पितामह, दादा, बाबा।

ਪਿਤਾਵਤ पितावत् Pitāvat [3] क्रि० वि०
पितृवत् (अ०) पितृ-तुल्य, पिता के समान।

ਪਿਤੰਬਰ पितम्बर् Pitambar [3] स्त्री०
पीताम्बर (नपुं०) पीताम्बर, पीलावस्त्र।

ਪਿਤੰਬਰਧਾਰੀ पितम्बर्-धारी Pitambar-Dhārī [3] पुं०
पीताम्बरधारिन् (वि०) पीताम्बरधारी, पीला वस्त्र धारण करने वाला।

ਪਿੱਤ पित्त् Pitt [3] पुं०, स्त्री०
पित्त (नपुं०) पित्त, एक तरल पदार्थ जो शरीर के भीतर यकृत् में बनता है।

ਪਿੱਤਲ पित्तल् Pittal [3] पुं०
पित्तल (नपुं०) पीतल धातु।

ਪਿੱਤਲੀ पित्तली Pittalī [3] वि०
पित्तलीय (वि०) पीतल का, पीतल से सम्बन्धित।

ਪਿੱਤਾ पित्ता Pittā [3] पुं०
पित्त (नपुं०) पित्त, एक तरल पदार्थ जो शरीर के भीतर यकृत् में बनता है।

ਪਿਦੜਾ पिद्ड़ा Pidṛā [3] पुं०
पिद्व (पुं०) छोटे कद की एक चिड़िया।

ਪਿਦੜੀ पिद्ड़ी Pidṛī [3] स्त्री०
पिद्वी (स्त्री०) छोटे कद की एक मादा चिड़िया।

ਪਿੱਦਾ पिद्दा Piddā [3] पुं०
पिद्व (पुं०) छोटे कद की एक चिड़िया।

ਪਿੱਦੀ पिद्दी Piddī [3] स्त्री०
पिद्वी (स्त्री०) छोटे कद की एक चिड़िया।

ਪਿੰਨ पिन्न् Pinn [3] पुं०
पिण्ड (नपुं०, पुं०) खीर आदि पिण्ड जो पितरों के लिए होता है।

ਪਿੰਨਣਾ पिन्नणा Pinnaṇā [3] अक० क्रि०
पिण्डयति (चुरादि सक०) संकलित करना, इकट्ठा करना; पिण्ड बनाना।

ਪਿੰਨਾ पिन्ना Pinnā [3] पुं०
पिण्ड (वि०) रस्सी की लूंडी, रस्सी का लपेटा हुआ गोला।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪਿੰਨੀ पिन्नी Pinnī [3] स्त्री०
पिण्डि/पिण्डो (स्त्री०) टाँग की पिण्डली; गीली रेत का पिण्ड।

ਪਿਪਲੀਹੀ पिप्लीही Piplīhī [3] पुं०
पिपील (पुं०) चींटा, एक बड़ा काला कीड़ा।

ਪਿੱਪ पिप्प् Pipp [1] स्त्री०
पिप्लु (पुं०) मस्सा, तिल, शरीर पर होने वाली चित्ती, एक रोग-विशेष

ਪਿੱਪਲ पिप्पल् Pippal [3] पुं०
पिप्पल (पुं० / नपुं०) पुं०—पीपल का वृक्ष। नपुं०—पीपल का फल।

ਪਿੱਪਲਾ-ਮੂਲ पिप्प्ला-मूल् Piplā-Mūl [3] पुं०
पिप्पली (स्त्री०) पीपर, ओषधि-विशेष।

ਪਿੱਪਲੀ पिप्प्ली Pipplī [3] स्त्री०
पिप्पल (पुं०) पीपल का छोटा पेड़।

ਪਿਰਥਮੇ पिर्थमे Pirthame [1] अ०
प्रथमम् (क्रि० वि०) पहले, सबसे पहले।

ਪਿਰਥਵੀ पिर्थ्वी Pirthvī [3] स्त्री०
पृथ्वी (स्त्री०) पृथ्वी, धरती।

ਪਿਰਮ पिरम् Piram [1] पुं०
प्रेमन् (नपुं०) प्रेम, अनुराग।

ਪਿਰਾਉਣਾ पिराउणा Pirāuṇā [1] अक० क्रि०
पीड्यते (चुरादि कर्मवाच्य) पीड़ित होना, दुःखना।

ਪਿਲਾਉਣਾ पिलाउणा Pilāuṇā [3] अक० क्रि०
पाययति (भ्वादि प्रेर०) पिलाना, पीने की प्रेरणा देना।

ਪਿੜਾ पिड़ा Piṛā [2] स्त्री०
पिटक (पुं०, नपुं०) ढक्कनदार छोटी टोकरी।

ਪੀ पी Pī [3] पुं०
प्रिय (वि०) प्यारा; मित्र।

ਪੀਂ पीं Pī [1] वि०
पीत (वि०) पीला, पीत वर्ण से युक्त।

ਪੀਆ पीआ Pīā [3] पुं०
प्रिय (पुं०) प्रिय, प्रेमी; पति।

ਪੀਸਕ पीसक् Pīsak [1] पुं०
पिष्टक (नपुं०) चूर्ण; लुगदी; आटा।

ਪੀਹਣ पीहण् Pīhaṇ [3] स्त्री०
पेषणीय (वि०) पीसने के लिये रखा हुआ अन्न।

ਪੀਸਣਾ पीस्णा Pīsṇā [3] सक० क्रि०
पिनष्टि (रुधादि सक०) पीसना, चूर्ण करना।

ਪੀਹਣਾ पीह्णा Pīhṇā [3] सक० क्रि०
पिनष्टि (रुधादि सक०) पीसना, चूर्ण करना।

ਪੀਂਘ पींघ् Pīgh [3] स्त्री०
प्रेङ्ख (पुं०) पेंग; पालना, झूला।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪੀਚਣਾ पीच्णा Pīcṇā [3] सक० क्रि०
पिच्चयति (नामधातु सक०) पीचना, दोनों ओर से दबाना।

ਪੀਠਣਾ पीठ्णा Pīṭhṇā [3] सक० क्रि०
पिनष्टि (रुधादि सक०) पीसना, चूर्ण करना।

ਪੀਠਾ पीठा Pīṭhā [1] पुं०
पिष्ट (नपुं०, पुं०) आटा, पीठी।

ਪੀਠੀ पीठी Pīṭhī [3] स्त्री०
पिष्टि (स्त्री०) पीठी, आटे या चावल का बना खाद्य पदार्थ।

ਪੀਣਾ पीणा Pīṇā [3] सक० क्रि०
पिबति (भ्वादि सक०) पीना, पान करना।

ਪੀਤੰਬਰ पीतम्बर् Pītāmbar [3] पुं०
पीताम्बर (वि०) पीत वस्त्रों वाला।

ਪੀਤੰਬਰਧਾਰੀ पीतम्बर्धारी Pītambardhārī [3] पुं०
पीताम्बरधारिन् (वि०) पीत वस्त्र धारण करने वाला।

ਪੀਲਪਾਵਾ पील्पावा Pīlpāvā [3] पुं०
पीनपाद (पुं०) फीलपाँव, एक प्रकार का पैर का रोग।

ਪੀਲਾ पीला Pīlā [3] वि०
पीत (वि०) पीला, पीले वर्ण से युक्त।

ਪੀੜਨਾ पीड़्ना Pīṛnā [3] सक० क्रि०
पीडयति (चुरादि सक०) दबाना, पीड़ित करना।

ਪੀੜਿਤ पीड़ित् Pīṛit [3] वि०
पीडित (वि०) पीड़ित, दुःखी।

ਪੀੜ੍ਹਾ पीढ़ा Pīṛhā [3] पुं०
पीठ (नपुं०, पुं०) बैठने के लिए काष्ठ का बना आसन, पीठ, पीढ़ा।

ਪੀੜ੍ਹੀ पीढ़ी Pīṛhī [3] स्त्री०
पीठिका (स्त्री०) पीढ़ी, छोटी पीढ़ी।

ਪੁਆਉਣਾ प्वाउणा Pvāuṇā [3] सक० क्रि०
प्रपातयति (भ्वादि प्रेर०) गिराना; ढलवाना।

ਪੁਸ਼ਟ पुशट् Puśaṭ [3] वि०
पुष्ट (वि०) पुष्ट, तगड़ा।

ਪੁਸ਼ਟੀ पुश्टी Puśtī [3] स्त्री०
पुष्टि (स्त्री०) पुष्टि, पोषण; समर्थन।

ਪੁਸ਼ਟੀਕਾਰ पुश्टीकार् Puśṭīkār [3] पुं०
पुष्टिकार (वि०) पुष्टि करने वाला, समर्थक।

ਪੁਸ਼ਟੀਕਾਰਕ पुश्टीकारक् Puśṭīkārak [3] वि०
पुष्टिकारक (वि०) पुष्टिकारक, पोषिटक, बल-वर्द्धक।

ਪੁਸਤਕ पुस्तक् Pustak [3] स्त्री०
पुस्तक (नपुं०, पुं०) पुस्तक, ग्रन्थ।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪੁਸਤਕਾਲਾ पुस्तकाला Pustakālā [1] पुं०
पुस्तकालय (पुं०) पुस्तकालय, ग्रन्थालय।

ਪੁਸਤਿਕਾ पुस्तिका Pustikā [3] स्त्री०
पुस्तिका (स्त्री०) छोटी-पुस्तक; कापी।

ਪੁਸ਼ਪ पुशप् Puśap [3] पुं०
पुष्प (नपुं०) पुष्प, फूल।

ਪੁਸ਼ਪੀ पुश्पी Puśpī [3] स्त्री०
शङ्खपुष्पी (स्त्री०) शंखपुष्पी नामक एक वनस्पति।

ਪੁਹਾਰਾ पुहारा Puhārā [1] पुं०
प्रसार (पुं०) बुखार या चेचक का विस्तार, फैलाव।

ਪੁੱਗਣਾ पुग्गणा Puggṇā [3] अक० क्रि०
पूर्यते (दिवादि कर्मवाच्य) पूर्ण होना, भरा जाना।

ਪੁਛਾਉਣਾ पुछाउणा Puchāuṇā [3] सक० क्रि०
प्रच्छयति (तुदादि प्रेर०) पुछवाना, पूछने की प्रेरणा देना।

ਪੁੱਛ पुच्छ् Pucch [3] स्त्री०
पृच्छा (स्त्री०) पूछने की इच्छा।

ਪੁੱਛਣਾ पुच्छ्णा Pucchṇā [3] सक० क्रि०
पृच्छति (तुदादि सक०) पूछना, प्रश्न करना।

ਪੁਜਾਉਣਾ[1] पुजाउणा Pujāuṇā [3] अक० क्रि०
पूज्यते (चुरादि कर्मवाच्य) पूजा कराना, पूजित होना।

ਪੁਜਾਉਣਾ[2] पुजाउणा Pujāuṇā [1] सक० क्रि०
पूरयति (चुरादि सक०) भरना, पूरा करना।

ਪੁਜਾਰੀ पुजारी Pujārī [3] पुं०
पूजाचारिन् (वि०) पुजारी, पूजा करने वाला।

ਪੁੱਜਣਾ पुज्ज्णा Pujjṇā [3] सक० क्रि०
प्राप्नोति (स्वादि सक०) पहुँचना, प्राप्त करना।

ਪੁੱਠ पुट्ठ् Puṭṭh [3] पुं०
पुट (पुं०) परत, आच्छादन।

ਪੁੱਠਾ[1] पुट्ठा Puṭṭhā [3] पुं०
पृष्ठ (नपुं०) पृष्ठ प्रदेश, पीठ; पशुओं का पुट्ठा।

ਪੁੱਠਾ[2] पुट्ठा Puṭṭhā [3] वि०
पुष्ट (वि०) पुष्ट, मजबूत, दृढ़।

ਪੁਣਨਾ पुण्ना Puṇṇā [3] सक० क्रि०
पुनाति (क्र्यादि सक०) छानना, शुद्ध करना।

ਪੁਣੀਣਾ पुणीणा Puṇīṇā [3] सक० क्रि०
पूयते (क्र्यादि कर्मवाच्य) पुनीत होना, शुद्ध होना।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪੁਤਲਾ पुत्ला Putlā [3] पुं०
पुत्रक > पुत्रल (पुं०) पुतला, पुतली; कठ-पुतली; आँख का गोलक।

ਪੁਤਲੀ पुत्ली Putlī [3] स्त्री०
पुत्रिका (स्त्री०) पुतली, कठपुतली।

ਪੁੱਤ पुत्त् Putt [3] पुं०
पुत्र (पुं०) पुत्र, सुत, बेटा।

ਪੁੱਤਰ पुत्तर् Puttar [3] पुं०
द्र०—ਪੁੱਤ।

ਪੁੱਤਰਵਾਨ पुत्तर्वान् Puttarvān [3] पुं०
पुत्रवत् (वि०) पुत्रवान्, पुत्रवाला।

ਪੁੱਤਰਵੰਤੀ पुत्तर्वन्ती Puttarvantī [3] स्त्री०
पुत्रवती (स्त्री०) पुत्रवती, पुत्रवाली।

ਪੁੱਤਰੀ पुत्तरी Puttarī [3] स्त्री०
पुत्री (स्त्री०) पुत्री, बेटी, कन्या।

ਪੁੰਨ पुन्न् Punn [3] पुं०
पुण्य (अ०) पुण्य, धर्म, सुकृत्।

ਪੁਨਰ पुनर् Punar [3] अ०
पुनर् (अ०) पुनः, फिर।

ਪੁਨਰੁਕਤੀ पुनरुक्ती Punruktī [3] स्त्री०
पुनरुक्ति (स्त्री०) पुनरुक्ति दुहराने की क्रिया।

ਪੁੰਨਾਤਮਾ पुन्नात्मा Punnātmā [3] वि०
पुण्यात्मन् (वि०) पुण्यात्मा, धर्मात्मा।

ਪੁੰਨਾਰਥ पुन्नारथ् Punnārath [3] पुं०
पुण्यार्थ (पुं०) पुण्यार्थ, धर्मार्थ।

ਪੁੰਨਿਆਂ पुन्निआँ Punniā̃ [3] पुं०
पूर्णिमा (स्त्री०) पूर्णिमा, पूनम, शुक्ल पक्ष की अन्तिम तिथि।

ਪੁੰਨੀ पुन्नी Punnī [3] वि०
पुण्यिन् (वि०) पुण्यशाली, धर्मात्मा।

ਪੁਨੀਤ पुनीत् Punīt [3] वि०
पुनीत (वि०) पुनीत, पवित्र।

ਪੁਰ पुर् Pur [1] क्रि० वि०
उपरि (अ०) ऊपर, ऊर्ध्व।

ਪੁਰਸ਼ਾਰਥ पुर्शारथ् Purśārath [3] पुं०
पुरुषार्थ (पुं०) पुरुषार्थ, उद्यम।

ਪੁਰਸ਼ਾਰਥੀ पुर्शार्थी Purśārthī [3] पुं०
पुरुषार्थिन् (वि०) पुरुषार्थी, उद्यमी।

ਪੁਰਸ਼ੋਤਮ पुरशोतम् Puaśotam [3] पुं०
पुरुषोत्तम (पुं० / वि०) पुं०—भगवान् पुरुषोत्तम, ईश्वर। वि०—श्रेष्ठ पुरुष।

ਪੁਰਖ पुरख् Purakh [3] पुं०
पुरुष (पुं०) पुरुष, आदमी, नर।

ਪੁਰਖਵਾਚਕ पुरख्वाचक् Purakhvācak [3] वि०

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

पुरुषवाचक (वि०) पुरुष से संबन्धित; व्याकरण का एक पारिभाषिक शब्द।

ਪੁਰਖਾ पुर्खा Purkhā [3] पुं०
पुरुष (पुं०) प्राचीन पुरुष, पूर्वज।

ਪੁਰਖਾਰਥ पुर्खारथ् Purkhārath [3] पुं०
पुरुषार्थ (पुं०) पुरुषार्थ, उद्यम।

ਪੁਰਖਾਰਥੀ पुर्खार्थी Purkhārthī [3] पुं०
द्र०—ਪੁਰਸ਼ਾਰਥੀ।

ਪੁਰਬ पुरब Purab [3] पुं०
पर्वन् (नपुं०) पर्व, उत्सव।

ਪੁਰਬਾਸੀ पुर्बासी Purbāsī [1] वि०
पुरवासिन् (वि०) नगर-निवासी, नागरिक।

ਪੁਰਵਾ पुर्वा Purvā [2] स्त्री०/वि०
पूर्व (स्त्री० / वि०) स्त्री०—पूर्व दिशा। वि०—पहले का।

ਪੁਰਵਾਈ पुर्वाई Purvāī [3] स्त्री०
पुरोवात (पुं०) पूर्वी हवा, पूर्वीय वायु।

ਪੁਰਾ पुरा Purā [3] पुं०
पुरोवात (पुं०) पूर्वी वायु, पुरवैया।

ਪੁਰਾਣਾ पुराणा Purāṇā [3] पुं०
पुराण (वि०) पुराना, प्राचीन।

ਪੁਰਾਣਿਕ पुराणिक् Purāṇik [3] वि०
पौराणिक (वि०) पौराणिक, पुराण से संबन्धित, पुराण का प्रवक्ता, व्यास, कथावाचक।

ਪੁਰਾਤਨ पुरातन् Purātan [3] वि०
पुरातन (वि०) पुरातन, पुराना, प्राचीन।

ਪੁਰਾਤੱਤਵ-ਵਿਗਿਆਨ पुरातत्तव्-विग्यान् Purātattav-Vigyān [3] पुं०
पुरातत्त्वविज्ञान (नपुं०) पुरातत्त्व विज्ञान, अध्ययन की एक शाखा।

ਪੁਰਾਤਨਤਾ पुरातन्ता Purātantā [3] स्त्री०
पुरातनता (स्त्री०) पुरातनता, प्राचीनता।

ਪੁਰਾਨ पुरान् Purān [3] वि०/पुं०
पुराण (वि० / नपुं०) वि०—पुराना, प्राचीन। नपुं०—अट्ठारह पुराण।

ਪੁਰਾਵਿਦਿਆ पुराविद्या Purāvidyā [3] स्त्री०
पुराविद्या (स्त्री०) पुराविद्या, अध्यात्म-ज्ञान-आत्म-विज्ञान।

ਪੁਰੋਹਤ पुरोहत् Purohat [3] पुं०
पुरोहित (पुं०) पुरोहित, पुरोधा।

ਪੁਰੋਹਿਤਾਈ पुरोहिताई Purohitāī [3] स्त्री०
पौरोहित्य (नपुं०) पौरोहित्य, पुरोहित का कर्म या भाव।

ਪੁਲਕਿਤ पुल्कित् Pulkit [3] वि०
पुलकित (वि०) पुलकित, रोमांचित (प्रसन्नता की स्थिति में)।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪੁੜਾ पुड़ा Puṛā [3] पुं०
पुट (पुं०, नपुं०) पुड़िया, पैकेट ।

ਪੁੜੀ पुड़ी Puṛī [3] स्त्री०
पुट (पुं०) पुड़िया, छोटी पैकेट ।

ਪੂਛ पूछ् Pūch [3] स्त्री०
पुच्छ (नपुं०, पुं०) पूँछ, दुम ।

ਪੂੰਛ पूँछ् Pũch [3] स्त्री०
द्र०—ਪੂਛ ।

ਪੂਛਲ पूछल् Pūchal [3] स्त्री०
द्र०—ਪੂਛ ।

ਪੂਜਣਾ पूज्णा Pūjṇā [3] सक० क्रि०
पूजयति (चुरादि सक०) पूजना, सम्मानित करना ।

ਪੂਜਨੀਕ पूज्नीक् Pūjnīk [3] वि०
पूजनीय (वि०) पूजनीय, पूजा के योग्य ।

ਪੂਜਾ पूजा Pūjā [3] स्त्री०
पूजा (स्त्री०) पूजा, अर्चना, आराधना ।

ਪੂਜਾਚਾਰ पूजाचार् Pūjācār [3] स्त्री०
पूजाचार (पुं०) पूजा करने की प्रक्रिया या विधि ।

ਪੂੰਜੀ पूँजी Pũjī [3] स्त्री०
पुञ्ज (पुं०) ढेर, राशि, समूह ।

ਪੂੰਝਣ पूँझण् Pũjhaṇ [3] पुं०
प्रोञ्छन (नपुं०) झाड़न, झाड़ने का भाव ।

ਪੂੰਝਣਾ पूँझ्णा Pũjhṇā [3] सक० क्रि०
प्रोञ्छति (भ्वादि सक०) पोंछना, झाड़ना ।

ਪੂਨਾ पूना Pūnā [3] पुं०
पुन्नामन् (पुं०) पुन्नाग वृक्ष, वृक्ष-विशेष ।

ਪੂਰ पूर् Pūr [3] पुं०
पूर (पुं०) समूह, खेप ।

ਪੂਰਣ पूरण् Pūraṇ [3] वि०
पूर्ण (वि०) पूर्ण, भरा हुआ, सम्पूर्ण ।

ਪੂਰਣਮਾਸ਼ੀ पूरण्माशी Pūraṇmāśī [3] स्त्री०
पूर्णमासी (स्त्री०) पूर्णमासी, पूर्णिमा ।

ਪੂਰਣਿਮਾ पूर्णिमा Pūrṇimā [3] स्त्री०
पूर्णिमा (स्त्री०) पूर्णिमा तिथि, पूर्णमासी ।

ਪੂਰਤੀ पूर्ती Purtī [3] स्त्री०
पूर्त्ति (स्त्री०) पूर्त्ति, समाप्ति ।

ਪੂਰਨਾ पूर्ना Pūrnā [3] सक० क्रि०
पूरयति (चुरादि सक०) पूर्ण करना, भरना ।

ਪੂਰਬ पूरब् Pūrab [3] वि०/पुं०
पूर्व (वि०/स्त्री) वि०—पूर्व, पहले, प्रथम । स्त्री०—पूर्व दिशा ।

ਪੂਰਬਕ पूर्बक् Pūrbak [3] क्रि० वि०
पूर्वक (क्रि० वि०) पूर्वक, सहित ।

ਪੂਰਬਕਾਲੀ पूरब्काली Pūrabkālī [3] वि०
पूर्वकालिक (वि०) पूर्वकालीन, पहले का ।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪੂਰਬਾਰਧ पूर्बारध् Pūrbāradh [3] वि०
पूर्वार्द्ध (वि०) पूर्वार्द्ध, पहला आधा।

ਪੂਰਬੀ पूर्बी Pūrbī [3] वि०
पूर्वीय (वि०) पूर्वीय, पूर्व का, पहले का; पूर्व दिशा का।

ਪੂਰਬੀਆ पूर्बिआ Pūrbiā [3] वि०
पूर्वीय (वि०) पूर्वीय, पूर्व दिशा का; पहले का।

ਪੂਰਬੋਕਤ पूर्बोकत् Pūrbokat [3] वि०
पूर्वोक्त (वि०) पहले कहा हुआ, पूर्व में कथित।

ਪੂਰਬੋਤਰ पूर्बोतर् Pūrbotar [3] पुं०
पूर्वोत्तर (नपुं०) पूर्वोत्तर, पूर्व और उत्तर।

ਪੂਰਵ पूरव् Pūrav [3] क्रि० वि०
पूर्व (क्रि० वि०) पूर्व, पहले।

ਪੂਰਵਜ पूर्वज् Pūrvaj [3]पुं०
पूर्वज (पुं०) पूर्वज, पुरखे।

ਪੂਰਵ-ਪੱਖ पूरव्-पक्ख् Pūrav-Pakkh [3] पुं०
पूर्वपक्ष (पुं०) पूर्वपक्ष, खण्डनीय पक्ष।

ਪੂਰਵਾਰਧ पूर्वारध् Pūrvāradh [3] वि०
पूर्वार्द्ध (वि०) पहला आधा।

ਪੂਰਾ पूरा Pūrā [3] पुं०
पूर्ण (वि०) पूर्ण, सारा।

ਪੂਰੀ पूरी Pūrī [3] स्त्री०
पूर (पुं०) पूड़ी, पूरी।

ਪੂਲਾ पूला Pūlā [3] पुं०
पूल (पुं०) तृण आदि का ढेर, पूला।

ਪੂਲੀ पूली Pūlī [3] स्त्री०
पूलिका (स्त्री०) तृण आदि की छोटी ढेरी।

ਪੂੜਾ पूड़ा Pūṛā [2] पुं०
अपूप/पूप (पुं०, नपुं०) पूआ, मालपूआ।

ਪੂੜੀ पूड़ी Pūṛī [3] स्त्री०
द्र०—ਪੂਰੀ।

ਪੇਖਣ पेखण् Pekhaṇ [3] पुं०
प्रेक्षण (नपुं०) प्रेक्षण, देखने की क्रिया।

ਪੇਖਣਾ पेख्णा Pekhṇā [3] सक० क्रि०
प्रेक्षते (भ्वादि सक०) देखना, अवलोकन करना।

ਪੇਪੜੀ पेप्ड़ी Pepṛī [3] स्त्री०
पर्पटी (स्त्री०) पपड़ी, शुष्क कीचड़ की परत।

ਪੇਮੀ पेमी Pemī [1] पुं०
प्रेमिन् (वि०) प्रेमी, प्रेम करने वाला।

ਪੇਲਣਾ पेल्णा Pelṇā [3] सक० क्रि०
प्रपीडयति (सोपसर्ग चुरादि सक०) दण्डादि व्यायाम करना; गन्ने आदि का पेरना।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪੇੜ पेड़् Peṛ [3] पुं०
पेट (नपुं०, पुं) लोहार या स्वर्णकार के उपकरण को रखने का झोला।

ਪੈਸਾ पैसा Paisā [3] पुं०
पणक/पण (पुं०) पैसा।

ਪੈਂਹਠ पैंह्ठ् Paiṅhṭh [3] वि०
पञ्चषष्टि (स्त्री०) पैंसठ, 65 संख्या से परिछिन्न वस्तु।

ਪੈਂਹਠਵਾਂ पैंह्ठवाँ Paiṅhṭhavā̃ [3] पुं०
पञ्चषष्टितम (वि०) पैंसठवाँ, 65वाँ।

ਪੈਜ पैज् Paij [3] स्त्री०
प्रतिज्ञा (स्त्री०) प्रतिज्ञा, शपथ।

ਪੈਂਡਾ पैंडा Paiṅḍā [3] पुं०
पददण्ड (पुं०) पगदण्डी, पतला रास्ता, छोटा मार्ग।

ਪੈਣਾ पैणा Paiṇā [3] अक० क्रि०
पतति (भ्वादि अक०) लोटना; गिरना, पड़ना।

ਪੈਂਤੜਾ पैंत्ड़ा Paiṅtṛā [3] पुं०
पदान्तर (नपुं०) पैंतरा, दृष्टिकोण का परिवर्तन।

ਪੈਂਤੀ पैंती Paiṅtī [3] वि०
पञ्चत्रिंशत् (स्त्री०) पैंतीस; 35 संख्या से युक्त वस्तु।

ਪੈਂਤੀਵਾਂ पैंतीवाँ Paiṅtīvā̃ [3] पुं०
पञ्चत्रिंशत्तम (वि०) पैंतीसवाँ, 35वाँ।

ਪੈਂਦ पैंद् Paiṅd [3] स्त्री०
द्र०—पांद।

ਪੈਦਲ पैदल् Paidal [3] वि०
पदाति (स्त्री०) पैदल चलने वाला यात्री, सेना का सिपाही।

ਪੈਨਾ पैना Painā [3] पुं०
प्रतीक्ष्ण (नपुं०) अत्यन्त तीखा, तेज।

ਪੈਰ पैर् Pair [3] पुं०
पाद (पुं०) पैर, पाँव।

ਪੋਆ पोआ Poā [1] पुं०
पोट (पुं०) किसलय, वृक्षादि का कोंपल।

ਪੋਈ पोई Poī [1] स्त्री०
पूतिका (स्त्री०) पोय का साग, पोई।

ਪੋਸਣ पोसण् Posaṇ [3] पुं०
पोषण (नपुं०) पोसने का भाव, पालन, पोषण।

ਪੋਹ पोह् Poh [3] पुं०
पौष (पुं०) पौस मास।

ਪੋਹਣਾ पोह्णा Pohṇā [3] सक० क्रि०
प्रबोधयति (भ्वादि प्रेर०) प्रभावित करना, बोधन करना।

ਪੋਹਲੋ पोह्लो Pohlo [3] वि०
द्र०—पुहलो।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪੋਖਰ पोखर् Pokhar [1] पुं०
पुष्कर (पुं०) तालाब; सरोवर।

ਪੋੱਗਾ पोग्गा Poggā [2] पुं०
प्रोद्गत (वि०) अंकुर।

ਪੋਚਣਾ पोच्णा Pocṇā [3] सक० क्रि०
पोतन (नपुं०) पोंछना, पोतना, लीपना।

ਪੋਚਾ पोचा Pocā [3] पुं०
पोत (पुं०) पोंछा लगाने का वस्त्र, प्रोञ्छन।

ਪੋਂਡਾ पोण्डा Poṇḍā [3] पुं०
पौण्ड्र (पुं०) ईख या गन्ना विशेष।

ਪੋਣਾ पोणा Poṇā [3] पुं०
पवन (नपुं०) कपड़े का छोटा टुकड़ा जिससे दूध आदि छाना जाता है, रसोई घर का वह वस्त्र जिससे गर्म पात्र पकड़ा या उतारा जाता है।

ਪੋਤ पोत् Pot [3] पुं०
पौत्र (पुं०) पोता, पुत्र का पुत्र।

ਪੋਤਣਾ पोत्णा Potṇā [3] सक० क्रि०
पवते (भ्वादि सक०) पोंछना, पोतना, लीपना।

ਪੋਤਰ पोतर् Potar [3] पुं०
पुत्र (पुं०) पुत्र, बेटा।

ਪੋਤੜਾ पोत्ड़ा Potṛā [3] पुं०
पोत्र (नपुं०) बच्चे का निचला या अधोवस्त्र, कच्छा।

ਪੋਤੀ पोती Potī [3] स्त्री०
पौत्री (स्त्री०) पोती, पुत्र की पुत्री।

ਪੋਥਾ पोथा Pothā [3] पुं०
पुस्तक (पुं०, नपुं०) पोथा, मोटी पुस्तक।

ਪੋਥੀ पोथी Pothī [3] स्त्री०
पुस्तक (पुं०, नपुं०) छोटी पुस्तक, पोथी।

ਪੋਨਾ पोना Ponā [3] पुं०
द्र०—ਪੋਂਡਾ।

ਪੋਲੀ पोली Polī [3] स्त्री०
पोलिका / पोली (स्त्री०) पतली रोटी, रोटी।

ਪੌਸ਼ਟਿਕ पौष्टिक् Pauṣṭik [3] वि०
पौष्टिक (वि०) पुष्टिकारक, बलवर्द्धक।

ਪੌਣ पौण् Pauṇ [3] स्त्री०
द्र०—ਪਵਨ।

ਪੌਣ-ਚੱਕੀ पौण्-चक्की Pauṇ-Cakkī [3] स्त्री०
पवनचक्की (स्त्री०) पनचक्की।

ਪੌਣਾ पौणा Pauṇā [3] वि०
पादोन (वि०) पौन, ¾ भाग।

ਪੌਰਾਣਿਕ पौराणिक् Paurāṇik [3] पुं०/वि०
पौराणिक (वि०/पुं०) वि०—पुराणों का ज्ञाता, पुराण-संबन्धी। पुं०—पुराण-वाचक, व्यास।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪੌਲਾ पौला Paulā [3] पुं०
पादुका (स्त्री०) जूता, पनही, खड़ाऊँ।

ਪੌਲੀ पौली Paulī [3] स्त्री०
पादोन (वि०) रूपये का चौथा हिस्सा, चवन्नी।

ਪੌੜ पौड़ Pauṛ [3] पुं०
पादु (पुं०) घोड़े का खुर।

ਪੰਸੇਰਾ पंसेरा Panserā [3] वि०
पञ्चसेटक (नपुं०) पसेरा, पाँच सेर का बाट।

ਪੰਸੇਰੀ पंसेरी Panserī [3] स्त्री०
पञ्चसेटिका (स्त्री०) पसेरी, पाँच सेर का एक माप।

ਪੰਕ पंक् Paṅk [3] पुं०
पङ्क (पुं०) पंक; धूली।

ਪੰਖ पंख् Paṅkh [3] पुं०
पक्ष (पुं०) पंख, पाँख।

ਪੰਖਬਸੇਰਾ पंख्बसेरा Paṅkh-Baserā [3] पुं०
पक्षिवास (पुं०) पक्षियों का आवास स्थान, घोंसला।

ਪੰਖੇਰੂ पंखेरू Paṅkherū [3] पुं०
पक्षिरूप (पुं०) पक्षी, चिड़िया।

ਪੰਗਤ पंगत् Paṅgat [3] स्त्री०
पङ्क्ति (स्त्री०) पंक्ति, कतार।

ਪੰਗੂ पंगू Paṅgū [3] पुं०
पङ्गु (पुं०) लंगड़ा, पंगु।

ਪੰਘਾਰਨਾ पंघार्ना Paṅghārnā [3] सक० क्रि०
प्रगालयति (भ्वादि प्रेर०) गलाना।

ਪੰਚਤੰਤਰ पंचतन्तर् Pañcatantar [3] पुं०
पञ्चतन्त्र (नपुं०) पञ्चतन्त्र नामक ग्रन्थ।

ਪੰਚਾਇਤ पंचाइत् Pañcāit [3] स्त्री०
पञ्चायतन (नपुं०) पंचायत, पंचों की सभा।

ਪੰਜ पंज् Pañj [3] वि०
पञ्चन् (वि०) पाँच, 5।

ਪੰਜਕ पंजक् Pañjak [3] वि०
पञ्चक (वि०) पाँच का समूह, 5 संख्या से सम्पन्न।

ਪੰਜਤਾਲੀ पंज्ताली Pañjtālī [3] वि०
पञ्चचत्वारिंशत् (स्त्री०) पैंतालीस, 45 संख्या से युक्त वस्तु।

ਪੰਜਭੂਤ पंज्भूत् Pañjbhūt [3] पुं०
पञ्चभूत (नपुं०) क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर ये पाँच तत्त्व।

ਪੰਜਮ पंजम् Pañjam [1] वि०
पञ्चम (वि०) पाँचवाँ।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪੰਜਰਤਨ पंज्-रतन् Pañj-Ratan [3] पुं०
पञ्चरत्न (नपुं०) सोना, हीरा, नीलम, लाल और मोती ये पाँच रत्न।

ਪੰਜਲੂਣ पंज्लूण् Pañjlūṇ [1] पुं०
पञ्चलवण (नपुं०) समुद्री, सौवर्चल, बिड़, सेंधा और साँभर—ये पाँच प्रकार के नमक।

ਪੰਜਵਾਂ पंज्वाँ Pañjvā̃ [3] पुं०
पञ्चम (वि०) पाँचवाँ, 5वाँ।

ਪੰਜਵੀਂ पंज्वीं Pañjvī [3] स्त्री०
पञ्चमी (स्त्री०) पञ्चमी तिथि।

ਪੰਜਾਹ पंजाह् Pañjāh [3] वि०
पञ्चाशत् (स्त्री०) पचास, 50।

ਪੰਜਾਂਗ पंजांग् Pañjāṅg [3] पुं०
पञ्चाङ्ग (पुं०) पाँच का अंक।

ਪੰਜੀਰੀ पंजीरी Pañjīrī [1] स्त्री०
पञ्चजीरक (नपुं०) पंजीरी।

ਪੰਜੂਣਾ पंजूणा Pañjūṇā [1] वि०
पञ्चगुण (वि०) पाँचगुना।

ਪੰਜੋਕੜਾ पंजोक़ड़ा Pañjokṛā [2] वि०
पञ्चक (वि०) पाँच का समूह।

ਪੰਜੌਣਾ पंजौणा Pañjauṇā [3] वि०
पञ्चगुण (वि०) पाँचगुना।

ਪੰਝ पंझ् Pañjh [3] वि०
पञ्चन् (वि०) पाँच, 5।

ਪੰਝੱਤਰ पंझत्तर् Pañjhattar [3] वि०
पञ्चसप्तति (स्त्री०) पचहत्तर, 75 संख्या से परिच्छिन्न वस्तु।

ਪੰਝੱਤਰਵਾਂ पंझत्तर्वाँ Pañjhattarvā̃ [3] पुं०
पञ्चसप्ततितम (वि०) पचहत्तरवाँ।

ਪੰਝੀ पंझी Pañjhī [3] वि०
पञ्चविंशति (स्त्री०) पच्चीसवाँ, 25 संख्या से परिच्छिन्न वस्तु।

ਪੰਝੀਵਾਂ पंझीवाँ Pañjhīvā̃ [3] वि०/पुं०
पञ्चविंशतितम (वि०) पच्चीसवाँ।

ਪੰਡਾ पण्डा Paṇḍā [3] पुं०
पण्डित (पुं०) तीर्थों का पण्डा।

ਪੰਡੋਲ पण्डोल Paṇḍol [3] पुं०
पटोल (पुं०) परवल, सब्जी-विशेष।

ਪੰਤਾਲੀ पंताली Pantālī [3] वि०
पञ्चचत्वारिंशत् (स्त्री०) पैंतालीस, 45 संख्या से युक्त वस्तु।

ਪੰਤਾਲੀਵਾਂ पंतालीवाँ Pantālīvā̃ [3] वि०/पुं०
पञ्चचत्वारिंशत्तम (वि०) पैंतालीसवाँ, 45वाँ।

ਪੰਥ पन्थ् Panth [3] पुं०
पन्थाः (प्रथमान्त) पन्थ, पथ, मार्ग।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪੰਦਰਵਾਂ पन्दर्वाँ Pandarvā̃ [3] पुं०
पञ्चदश (वि०) पन्द्रहवाँ, 15वाँ

ਪੰਦਰਾਂ पन्द्राँ Pandrā̃ [3] वि०
पञ्चदशन् (वि०) पन्द्रह, 15 संख्या से युक्त वस्तु।

ਪੰਧ पन्ध् Pandh [3] पुं०
पन्थाः (प्रथमान्त एक व०) मार्ग, पथ, रास्ता, सड़क।

ਪੰਨਾ पन्ना Pannā [3] पुं०
पर्ण (पुं०) पत्ता; पृष्ठ, पेज।

ਪ੍ਰਸਤਾਰ प्रस्तार् Prstār [3] पुं०
प्रस्तार (पुं०) विस्तार, फैलाव।

ਪ੍ਰਸ਼ਨ प्रश्न् Praśn [3] पुं०
प्रश्न (पुं०) प्रश्न, सवाल।

ਪ੍ਰਸ਼ਨੋਤਰੀ प्रश्नोत्री Praśnotrī [3] स्त्री०
प्रश्नोत्तरी (स्त्री०) प्रश्नोत्तरी; प्रश्नों और उनके उत्तरों की पुस्तक।

ਪ੍ਰਸ਼ਾਸਕ प्रशासक् Praśāsak [3] पुं०
प्रशासक (पुं०) प्रशासक, शासन करने वाला।

ਪ੍ਰਸਾਰ प्रसार् Prasār [3] पुं०
प्रसार (पुं०) प्रसार, फैलाव।

ਪ੍ਰਸਿੱਧ प्रसिद्ध् Prasiddh [3] वि०
प्रसिद्ध (वि०) प्रसिद्ध, विख्यात।

ਪ੍ਰਸਿੱਧੀ प्रसिद्धी Prasiddhī [3] स्त्री०
प्रसिद्धि (स्त्री०) प्रसिद्धि, ख्याति।

ਪ੍ਰਸੂਤ प्रसूत् Prasūt [3] पुं०
प्रसूति (स्त्री०) प्रसव, जनन, उत्पत्ति; उद्भव; सन्तति।

ਪ੍ਰਸੂਤਕਾ प्रसूत्का Prasūtkā [3] स्त्री०
प्रसूतिका (स्त्री०) प्रसूतिका, जच्चा स्त्री, वह स्त्री जिसके हाल में बच्चा पैदा हुआ हो।

ਪ੍ਰਸੂਤਾ प्रसूता Prasūtā [3] स्त्री०
प्रसूता (स्त्री०) जच्चा स्त्री, प्रसूतिका।

ਪ੍ਰਸ਼ੰਸਕ प्रशंसक् Praśansak [3] पुं०
प्रशंसक (वि०) प्रशंसा करने वाला, गुण वर्णन करने वाला।

ਪ੍ਰਸ਼ੰਸਨੀ प्रशंस्नी Praśansnī [3] वि०
प्रशंसनीय (वि०) प्रशंसनीय, प्रशंसा के योग्य।

ਪ੍ਰਸ਼ੰਸਾ प्रशंसा Praśansā [3] स्त्री०
प्रशंसा (स्त्री०) प्रशसा, बड़ाई।

ਪ੍ਰਸੰਗ प्रसंग् Prasaṅg [3] पुं०
प्रसङ्ग (पुं०) सम्बन्ध; उपयुक्त काल।

ਪ੍ਰਸੰਨ प्रसन्न् Prasann [3] वि०
प्रसन्न (वि०) प्रसन्न, खुश।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪ੍ਰਸੰਨਤਾ प्रसन्नता Prasannatā [3] स्त्री०
प्रसन्नता (स्त्री०) प्रसन्नता, खुशी ।

ਪ੍ਰਕਰਣ प्रक्रण Prakraṇ [3] पुं०
प्रकरण (नपुं०) प्रकरण, प्रसंग ।

ਪ੍ਰਕਾਸ਼ प्रकाश् Prakāś [3] पुं०
प्रकाश (पुं०) प्रकाश, चमक, आभा ।

ਪ੍ਰਕਾਸ਼ਕ प्रकाशक् Prakāśak [3] पुं०
प्रकाशक (वि०) प्रकाश करने वाला ।

ਪ੍ਰਕਾਸ਼ਣਾ प्रकाश्णा Prakāśṇā [3] सक० क्रि०
प्रकाशयति (भ्वादि प्रेर०) प्रकाशित करना ।

ਪ੍ਰਕਾਸ਼ਨ प्रकाशन् Prakāśan [3] पुं०
प्रकाशन (नपुं०) प्रकाशन, प्रकाश में लाने का काम ।

ਪ੍ਰਕਾਸ਼ਵਾਨ प्रकाश्वान् Prakāśvān [3] वि०
प्रकाशवत् (वि०) प्रकाशवान्, प्रकाश से युक्त ।

ਪ੍ਰਕਾਸ਼ਿਤ प्रकाशित् Prakāśit [3] वि०
द्र०—ਪਰਕਾਸ਼ਤ ।

ਪ੍ਰਕਾਰ प्रकार् Prakār [3] पुं०
प्रकार (पुं०) प्रकार, तरह, ढंग, तौर-तरीका ।

ਪ੍ਰਕਿਰਤਕ प्रकिर्तक् Prakirtak [3] वि०
प्राकृतिक (वि०) प्राकृतिक, प्रकृति से सम्बन्धित ।

ਪ੍ਰਕਿਰਤੀ प्रकिर्ती Prakirtī [3] स्त्री०
प्रकृति (स्त्री०) प्रकृति, स्वभाव ।

ਪ੍ਰਕਿਰਿਆ प्रकिरिआ Prakiriā [3] स्त्री०
प्रक्रिया (स्त्री०) प्रक्रिया, ढंग ।

ਪ੍ਰਗਟ प्रगट् Pragaṭ [3] वि०
प्रकट (वि०) जो दिखलाई पड़े, प्रत्यक्ष, स्पष्ट ।

ਪ੍ਰਗਟਾਉ प्रग्टाउ Pragṭāu [3] पुं०
प्रकटन (नपुं०) प्रकट होने का भाव ।

ਪ੍ਰਗਟਾਉਣਾ प्रग्टाउणा Pragṭāuṇā [3] सक० क्रि०
प्रकटयति (भ्वादि प्रेर०) प्रकट करना ।

ਪ੍ਰਗਤੀ प्रग्ती Pragtī [3] स्त्री०
प्रगति (स्त्री०) प्रगति, उन्नति ।

ਪ੍ਰਗੂੜ੍ਹ प्रगूढ़् Pragūṛh [3] वि०
प्रगूढ (वि०) प्रगूढ़, अधिक गहरा; गुप्त ।

ਪ੍ਰਚਲਿਤ प्रच्लित् Praclit [3] वि०
प्रचलित (वि०) प्रचलित, चालू ।

ਪ੍ਰਚਾਰ प्रचार् Pracār [3] पुं०
प्रचार (पुं०) प्रचार, किसी वस्तु का निरन्तर उपयोग में आना ।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪ੍ਰਚਾਰਕ प्रचारक् Pracārak [3] पुं०
प्रचारक (वि०) प्रचारक, प्रचार करने वाला।

ਪ੍ਰਚਾਰਕਾ प्रचार्का Pracārkā [3] स्त्री०
प्रचारिका (स्त्री०) प्रचार करने वाली।

ਪ੍ਰਚੰਡ प्रचण्ड् Pracaṇḍ [3] वि०
प्रचण्ड (वि०) प्रचण्ड, प्रखर; बलवान्; तेजस्वी।

ਪ੍ਰਚੰਡਤਾ प्रचण्डता Pracaṇḍatā [3] स्त्री०
प्रचण्डता (स्त्री०) प्रचण्डता, प्रखरता; तेजस्विता।

ਪ੍ਰਜ੍ਵਲਿਤ प्रज्वलित् Prajvalit [3] वि०
प्रज्वलित (वि०) प्रज्वलित, आग की लपट से युक्त।

ਪ੍ਰਣਾਮ प्रणाम् Praṇām [3] पुं०
प्रणाम (पुं०) प्रणाम, नमस्कार, नमन।

ਪ੍ਰਣਾਲੀ प्रणाली Praṇālī [3] स्त्री०
प्रनाडी / प्रणाली (स्त्री०) छोटी नाली; रीति-रिवाज।

ਪ੍ਰਤੱਖ प्रतक्ख् Pratakkh [3] क्रि० वि०
प्रत्यक्ष (क्रि० वि०) प्रत्यक्ष, आँखों के सामने।

ਪ੍ਰਤਯਾਹਾਰ प्रत्याहार् Pratyāhār [3] पुं०
प्रत्याहार (पुं०) प्रत्याहार, योग के आठ अंगों में से एक अंग।

ਪ੍ਰਤਿ प्रति Prati [3] अ०
प्रति (अ०) प्रति, ओर, तरफ।

ਪ੍ਰਤਿਸ਼ਠਾ प्रतिष्ठा Pratiṣṭhā [3] स्त्री०
प्रतिष्ठा (स्त्री०) प्रतिष्ठा, मान।

ਪ੍ਰਤਿਸ਼ਠਾਵਾਨ ਪ੍ਰਤਿਸ਼ਠਾਵਾਨ् Pratiṣṭhāvān [3] पुं०
प्रतिष्ठावत् (वि०) प्रतिष्ठावान्, इज्जतदार।

ਪ੍ਰਤਿਸ਼ਠਿਤ प्रतिष्ठित् Pratiṣṭhit [3] वि०
प्रतिष्ठित (वि०) प्रतिष्ठित, सम्मानित।

ਪ੍ਰਤਿਗਿਆ प्रतिगिआ Pratigiā [3] स्त्री०
प्रतिज्ञा (स्त्री०) प्रतिज्ञा, प्रण, दृढ़ संकल्प; भरोसा, विश्वास।

ਪ੍ਰਤਿਗਿਆ-ਪੱਤਰ प्रतिगिआ-पत्तर् Pratigiā-Pattar [3] स्त्री०
प्रतिज्ञा-पत्र (नपुं०) प्रतिज्ञा-पत्र, शपथ-पत्र।

ਪ੍ਰਤਿਦਵੰਦੀ प्रतिद्वन्दी Pratidvandī [3] पुं०
प्रतिद्वन्द्विन् (वि०) प्रतिद्वन्द्वी, विरोधी।

ਪ੍ਰਤਿਧੁਨੀ प्रतिधुनी Pratidhunī [3] स्त्री०
प्रतिध्वनि (पुं०) प्रतिध्वनि, गूँज।

ਪ੍ਰਤਿਨਿਧ प्रतिनिध् Pratinidh [3] पुं०
प्रतिनिधि (पुं०) प्रतिनिधि, वह व्यक्ति जो दूसरे के बदले काम करने के लिये नियुक्त किया जाय।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪ੍ਰਤਿਪਾਲ प्रतिपाल Pratipāl [3] वि०
प्रतिपाल (वि०) प्रतिपाल, प्रतिपालन करने वाला।

ਪ੍ਰਤਿਪਾਲਣਾ प्रतिपाल्णा Pratipāḷṇā [3] स्त्री०
प्रतिपालना (स्त्री०) प्रतिपालन, पालन करने का भाव।

ਪ੍ਰਤਿਬਿੰਬ प्रतिबिम्ब् Pratibimb [3] पुं०
प्रतिबिम्ब (पुं०, नपुं०) प्रतिबिम्ब, प्रतिच्छाया।

ਪ੍ਰਤਿਬਿੰਬਤ प्रतिबिम्बत् Pratibimbat [3] वि०
प्रतिबिम्बित (वि०) प्रतिबिम्बित, जिसकी छाया पड़ती हो; जिसका आभास होता है।

ਪ੍ਰਤਿਬੰਧ प्रतिबन्ध् Pratibandh [3] पुं०
प्रतिबन्ध (पुं०) प्रतिबन्ध, बाधा, रुकावट।

ਪ੍ਰਤਿਮਾ प्रतिमा Pratimā [3] स्त्री०
प्रतिमा (स्त्री०) प्रतिमा, मूर्ति, अनुकृति, चित्र।

ਪ੍ਰਤਿਯੋਗਤਾ प्रतियोग्ता Pratiyogtā [3] स्त्री०
प्रतियोगिता (स्त्री०) प्रतियोगिता, प्रतिस्पर्धा, होड़।

ਪ੍ਰਤੀਖਿਆ प्रतिखीआ Pratīkhiā [3] स्त्री०
प्रतीक्षा (स्त्री०) प्रतीक्षा, इन्तजार।

ਪ੍ਰਤੀਤ प्रतीत् Pratīt [3] पुं०
प्रतीति (स्त्री०) प्रतीति, विश्वास, भरोसा।

ਪ੍ਰਤੀਤਮਾਨ प्रतीत्मान् Pratītmān [3] वि०
प्रतीतिमत् (वि०) प्रतीतिमान्, विश्वसनीय।

ਪ੍ਰਥਮ प्रथम् Pratham [3] वि०
प्रथम (वि०) प्रथम, पहला।

ਪ੍ਰਥਾ प्रथा Prathā [3] स्त्री०
प्रथा (स्त्री०) प्रथा, परम्परा, रीति।

ਪ੍ਰਦੱਖਣਾ प्रदक्खणा Pradakkhaṇā [3] स्त्री०
प्रदक्षिणा (स्त्री०) प्रदक्षिणा, परिक्रमा, फेरी।

ਪ੍ਰਦੱਛਣਾ प्रदच्छणा Pradacchaṇā [3] स्त्री०
द्र०—ਪ੍ਰਦੱਖਣਾ।

ਪ੍ਰਦੀਪ प्रदीप् Pradīp [3] पुं०
प्रदीप (पुं०) प्रदीप, दीपक।

ਪ੍ਰਦੀਪਤ प्रदीपत् Pradīpat [3] वि०
प्रदीप्त (वि०) प्रदीप्त, जगमगाता हुआ।

ਪ੍ਰਦੇਸ਼ प्रदेश् Pradeś [3] पुं०
प्रदेश (पुं०) प्रदेश, राज्य।

ਪ੍ਰਧਾਨ प्रधान् Pradhān [3] वि०
प्रधान (वि०) प्रधान, मुख्य।

ਪ੍ਰਧਾਨਗੀ प्रधान्गी Pradhāngī [3] स्त्री०
प्रधानता (स्त्री०) मुख्यता, अध्यक्षता।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪ੍ਰਧਾਨਤਾ प्रधान्ता Pradhāntā [3] स्त्री०
द्र०—ਪ੍ਰਧਾਨਗੀ ।

ਪ੍ਰਪੰਚ प्रपंच् Prapañc [3] पुं०
प्रपञ्च (पुं०) प्रपंच; जाल, धोखा ।

ਪ੍ਰਪੰਚੀ प्रपंची Prapañcī [3] पुं०
प्रपञ्चिन् (वि०) प्रपंची, कपटी, धोखेबाज ।

ਪ੍ਰਫੁੱਲਤ प्रफुल्लत् Praphullat [3] वि०
प्रफुल्लित (वि०) प्रफुल्लित, प्रसन्न, आनन्दित ।

ਪ੍ਰਫੁੱਲਤਾ प्रफुल्लता Praphullatā [3] स्त्री०
प्रफुल्लता (स्त्री०) प्रफुल्लता, प्रसन्नता ।

ਪ੍ਰਬਲ प्रबल् Prabal [3] वि०
प्रबल (वि०) प्रबल, बलशाली ।

ਪ੍ਰਬਲਤਾ प्रबल्ता Prabaltā [3] स्त्री०
प्रबलता (स्त्री०) प्रबलता, दृढ़ता ।

ਪ੍ਰਬੀਣ प्रबीण् Prabīṇ [3] वि०
प्रवीण (वि०) प्रवीण, निपुण, चतुर ।

ਪ੍ਰਬੀਣਤਾ प्रबीण्ता Prabīṇtā [3] स्त्री०
प्रवीणता (स्त्री०) प्रवीणता, चतुराई, कुशलता ।

ਪ੍ਰਬੁੱਧ प्रबुद्ध् Prabuddh [3] वि०
प्रबुद्ध (वि०) प्रबुद्ध, जाग्रत; ज्ञानी ।

ਪ੍ਰਬੁੱਧਤਾ प्रबुद्धता Prabuddhatā [3] स्त्री०
प्रबुद्धता (स्त्री०) प्रबुद्धता, जागरूकता, ज्ञान ।

ਪ੍ਰਬੋਧ प्रबोध् Prabodh [3] पुं०
प्रबोध (पुं०) प्रबोध, ज्ञान ।

ਪ੍ਰਬੋਧਣਾ प्रबोध्णा Prabodhṅā [3] सक० क्रि०
प्रबोधयति (भ्वादि प्रेर०) जगाना; ज्ञान देना, प्रकाशित करना ।

ਪ੍ਰਬੰਧ प्रबन्ध् Prabandh [3] पुं०
प्रबन्ध (पुं०) प्रबन्ध, इन्तजाम; उपाय ।

ਪ੍ਰਬੰਧਕ प्रबन्धक् Prabandhak [3] पुं०
प्रबन्धक (वि०) प्रबन्धक, व्यवस्थापक ।

ਪ੍ਰਭ प्रभ् Prabh [2] पुं०
प्रभु (पुं०) ईश्वर, ब्रह्म ।

ਪ੍ਰਭਾ प्रभा Prabhā [3] स्त्री०
प्रभा (स्त्री०) प्रभा, ज्योति, चमक ।

ਪ੍ਰਭਾਉ प्रभाउ Prabhāu [1] पुं०
प्रभाव (पुं०) प्रभाव, असर ।

ਪ੍ਰਭਾਕਰ प्रभाकर् Prabhākar [3] पुं०
प्रभाकर (पुं०) प्रभाकर, सूर्य ।

ਪ੍ਰਭਾਤ प्रभात् Prabhāt [3] पुं०
प्रभात (नपुं०) प्रभात, सबेरा ।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪ੍ਰਭਾਤੀ प्रभाती Prabhātī [3] **वि०**
प्रभातीय (वि०) प्रभाती राग; प्रभात से संबन्धित।

ਪ੍ਰਭਾਵ प्रभाव् Prabhāv [3] **पुं०**
प्रभाव (पुं०) प्रभाव, असर।

ਪ੍ਰਭਾਵਸ਼ਾਲੀ प्रभाव्शाली Prabhāvśālī [3] **पुं०**
प्रभावशालिन् (वि०) प्रभावशाली, प्रभाव वाला।

ਪ੍ਰਭਾਵਸ਼ੀਲ प्रभाव्शील् Prabhāvśīl [3] **वि०**
प्रभावशील (वि०) प्रभावशील, प्रभावी।

ਪ੍ਰਭਾਵਕ प्रभावक् Prabhāvak [3] **पुं०**
प्रभावक (वि०) प्रभावक, प्रभाव वाला, प्रभावी।

ਪ੍ਰਭਾਵਿਤ प्रभावित् Prabhāvit [3] **वि०**
प्रभावित (वि०) प्रभावित, प्रभाव से युक्त या आकृष्ट।

ਪ੍ਰਭੁਤਾ प्रभुता Prabhutā [3] **स्त्री०**
प्रभुता (स्त्री०) प्रभु का भाव, स्वामित्व, मालिकपन।

ਪ੍ਰਭੂ प्रभू Prabhū [3] **पुं०**
प्रभु (पुं०) प्रभु, स्वामी, मालिक।

ਪ੍ਰਮਾਣ प्रमाण् Pramāṇ [3] **पुं०**
प्रमाण (वि०) तुल्य, समान; प्रमाण, सबूत।

ਪ੍ਰਮਾਣਕ प्रमाणक् Pramāṇak [3] **वि०**
प्रामाणिक (वि०) प्रामाणिक, प्रमाण-युक्त।

ਪ੍ਰਮਾਣਕਤਾ प्रमाणक्ता Pramāṇaktā [3] **स्त्री०**
प्रामाणिकता (स्त्री०) प्रामाणिकता, प्रमाण।

ਪ੍ਰਮਾਣ-ਪੱਤਰ प्रमाण्-पत्तर् Pramāṇ-Pattar [3] **पुं०**
प्रमाणपत्र (नपुं०) प्रमाणपत्र, वह लिखा हुआ कागज जिसका लेख किसी बात का प्रमाण हो।

ਪ੍ਰਮਾਣਿਤ प्रमाणित् Pramāṇit [3] **वि०**
प्रमाणित (वि०) प्रमाणित, प्रमाण-युक्त।

ਪ੍ਰਮੁੱਖ प्रमुक्ख् Pramukkh [3] **वि०**
प्रमुख (वि०) प्रमुख, मुख्य।

ਪ੍ਰਮੋਦ प्रमोद् Pramod [3] **पुं०**
प्रमोद (पुं०) प्रमोद, आनन्द।

ਪ੍ਰਯਤਨ प्रयत्न Prayatn [3] **पुं०**
प्रयत्न (नपुं०) प्रयत्न, प्रयास, कोशिश।

ਪ੍ਰਯਤਨਸ਼ੀਲ प्रयतनशील् Prayatanśīl [3] **पुं०**
प्रयत्नशील (वि०) प्रयत्नशील, यत्नवान्।

ਪ੍ਰਯੁਕਤ प्रयुकत् Prayukat [3] **वि०**
प्रयुक्त (वि०) प्रयुक्त, व्यवहार में लाया हुआ।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪ੍ਰਯੋਗ प्रयोग् Prayog [3] पुं०
प्रयोग (पुं०) प्रयोग, व्यवहार।

ਪ੍ਰਯੋਗ-ਸ਼ਾਲਾ प्रयोग्-शाला Prayog-Śālā [3] स्त्री०
प्रयोगशाला (स्त्री०) प्रयोगशाला।

ਪ੍ਰਯੋਗਸ਼ੀਲਤਾ प्रयोग्शील्ता Prayogśīltā [3] स्त्री०
प्रयोगशीलता (स्त्री०) प्रयोगशीलता।

ਪ੍ਰਯੋਗਕ प्रयोगक् Prayogak [3] पुं०
प्रयोगिन् (वि०) प्रयोगी, प्रयोग कर्ता।

ਪ੍ਰਯੋਗਵਾਦ प्रयोग्वाद् Prayogvād [3] पुं०
प्रयोगवाद (पुं०) प्रयोगवाद।

ਪ੍ਰਯੋਗਵਾਦੀ प्रयोग्वादी Prayogvādī [3] पुं०
प्रयोगवादिन् (वि०) प्रयोगवादी।

ਪ੍ਰਯੋਜਨ प्रयोजन् Prayojan [3] पुं०
प्रयोजन (नपुं०) प्रयोजन, उद्देश्य; अपेक्षा।

ਪ੍ਰਯੋਜਨੀ प्रयोज्नी Prayojnī [3] वि०
प्रयोजनीय (वि०) प्रयोजनीय, व्यवहरणीय।

ਪ੍ਰਯੰਤ प्रयन्त् Prayant [3] अ०
पर्यन्तम् (अ०) पर्यन्त, तक।

ਪ੍ਰਲਾਪ प्रलाप् Pralāp [3] पुं०
प्रलाप (पुं०) व्यर्थ की बकवाद, अनापशनाप बातचीत।

ਪ੍ਰਲਾਪਕ प्रलापक् Pralāpak [3] वि०
प्रलापीय / प्रलाप्यक (वि०) प्रलाप की बात।

ਪ੍ਰਲਾਪੀ प्रलापी Pralāpī [3] पुं०
प्रलापिन् (वि०) प्रलापी, प्रलाप करने वाला।

ਪ੍ਰਲੈ प्रलै Pralai [3] स्त्री०
प्रलय (पुं०) प्रलय, सृष्टि का अन्त।

ਪ੍ਰਲੈਕਾਰੀ प्रलैकारी Pralaikārī [3] पुं०
प्रलयकारिन् (वि०) प्रलयकारी, नाश करने वाला।

ਪ੍ਰਲੋਭ प्रलोभ् Pralobh [3] पुं०
प्रलोभ (पुं०) प्रलोभन, लालच।

ਪ੍ਰਲੋਭਨ प्रलोभन् Pralobhan [3] पुं०
प्रलोभन (नपुं०) प्रलोभन, लालच।

ਪ੍ਰਵਕਤਾ प्रवक्ता Pravaktā [3] पुं०
प्रवक्तृ (वि०) प्रवक्ता, बोलने वाला।

ਪ੍ਰਵਾਸ प्रवास् Pravās [3] पुं०
प्रवास (पुं०) प्रवास, परदेश में निवास।

ਪ੍ਰਵਿਸ਼ਟ प्रविशट् Praviśaṭ [3] वि०
प्रविष्ट (वि०) घुसा हुआ, संलग्न।

ਪ੍ਰਵਿਰਤੀ प्रविर्ती Pravirtī [3] स्त्री०
प्रवृत्ति (स्त्री०) प्रवृत्ति, रुचि।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪ੍ਰਵੇਸ਼ प्रवेश् Praveś [3] पुं०
प्रवेश (पुं०) पहुँच, पैठ, द्वार; किसी विषय की जानकारी।

ਪ੍ਰਵੇਸ਼ਕ प्रवेशक् Praveśak [3] पुं०
प्रवेशक (वि०) प्रवेशक, प्रवेश करने वाला व्यक्ति।

ਪ੍ਰਵੇਸ਼-ਪੱਤਰ प्रवेश्-पत्तर् Praveś-Pattar [3] पुं०
प्रवेशपत्र (नपुं०) प्रवेश-पत्र।

ਪ੍ਰਵੇਸ਼ਿਕਾ प्रवेशिका Praveśikā [3] स्त्री०
प्रवेशिका (स्त्री०) प्राक्कथन, पुरोवाक्।

ਪ੍ਰਾਇਦੀਪ प्रायदीप् Prāydīp [3] पुं०
प्रायद्वीप (नपुं०, पुं०) प्रायद्वीप, जिसके तीन ओर पानी तथा एक ओर स्थल हो।

ਪ੍ਰਾਸ਼ਚਿਤ प्राश्चित् Prāścit [3] पुं०
प्रायश्चित्त (नपुं०) प्रायश्चित्त, पश्चात्ताप।

ਪ੍ਰਾਕ प्राक् Prāk [3] वि०
प्राक् (प्राच्) (वि०) पहले का, पहला।

ਪ੍ਰਾਕਥਨ प्राकथन् Prākathan [3] पुं०
प्राक्कथन (नपुं०) प्राक्कथन, भूमिका, पुरोवाक्।

ਪ੍ਰਾਕਿਰਤਕ प्राकिर्तक् Prākirtak [3] वि०
प्राकृतिक (वि०) प्राकृतिक, स्वाभाविक।

ਪ੍ਰਾਚੀਨ प्राचीन् Prācīn [3] वि०
प्राचीन (वि०) प्राचीन, पुराना।

ਪ੍ਰਾਣ प्राण् Prāṇ [3] पुं०
प्राण (पुं० बहुव०) प्राण, साँस, प्राणवायु।

ਪ੍ਰਾਣ-ਪਤੀ प्राण्-पती Prāṇ-Patī [3] पुं०
प्राणपति (पुं०) प्राणपति, प्राणनाथ।

ਪ੍ਰਾਣਾਯਾਮ प्राणायाम् Prāṇāyām [3] पुं०
प्राणायाम (पुं०) प्राणायाम, साँस को रोकने की प्रक्रिया।

ਪ੍ਰਾਤਾਕਾਲ प्राताकाल् Prātākāl [3] पुं०
प्रातःकाल (पुं०) प्रातः काल, सवेरे।

ਪ੍ਰਾਦੇਸ਼ਿਕ प्रादेशिक् Prādeśik [3] वि०
प्रादेशिक (वि०) प्रादेशिक, प्रदेश-सम्बन्धी।

ਪ੍ਰਾਪਕ प्रापक् Prāpak [3] पुं०
प्रापक (वि०) प्रापक, प्राप्त-कर्ता।

ਪ੍ਰਾਪਤ प्रापत् Prāpat [3] वि०
प्राप्त (वि०) प्राप्त, उपलब्ध।

ਪ੍ਰਾਪਤੀ प्रापती Prāptī [3] स्त्री०
प्राप्ति (स्त्री०) प्राप्ति, लाभ।

ਪ੍ਰਾਰਥਕ प्रार्थक् Prārthak [3] पुं०
प्रार्थक (वि०) प्रार्थी, याचक।

ਪ੍ਰਾਰਥਨਾ प्रार्थना Prārthanā [3] स्त्री०
प्रार्थना (स्त्री०) प्रार्थना, विनय।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪ੍ਰਾਰਬਧ प्रारबध् Prārabadh [3] **स्त्री०**
प्रारब्ध (नपुं०) प्रारब्ध, भाग्य।

ਪ੍ਰਾਰੰਭ प्रारम्भ् Prārambh [3] **पुं०**
प्रारम्भ (पुं०) प्रारम्भ, आरम्भ।

ਪ੍ਰਾਰੰਭਕ प्रारम्भक् Prārambhak [3] **वि०**
प्रारम्भिक (वि०) प्रारम्भिक, आरम्भ का।

ਪ੍ਰਾਰੰਭਣਾ प्रारम्भणा Prārambhaṇā [3] **सक० क्रि०**
प्रारम्भते (भ्वादि सक०) प्रारम्भ करना, शुरू करना।

ਪ੍ਰਾਰੰਭਿਕ प्रारम्भिक् Prārambhik [3] **वि०**
प्रारम्भिक (वि०) प्रारम्भ में होने वाला।

ਪ੍ਰਾਲਬਧ प्रालबध् Prālabadh [3] **स्त्री०**
प्रारब्ध (नपुं०) प्रारब्ध, भाग्य।

ਪ੍ਰਿਅ प्रिअ Pria [3] **वि०/पुं०**
प्रिय (वि० / पुं०) वि०—प्रिय, इष्ट, अभिलषित। पुं०—प्रेमी; पति।

ਪ੍ਰਿਆ प्रिआ Priā [3] **स्त्री०**
प्रिया (स्त्री०) प्रिया, प्रेमिका।

ਪ੍ਰਿਸ਼ਠਭੂਮੀ प्रिशठ्भूमी Priṣaṭhbhūmī [3] **स्त्री०**
पृष्ठभूमि (स्त्री०) पृष्ठभूमि, आधार।

ਪ੍ਰਿਤਪਾਲ प्रित्पाल् Pritpāl [3] **पुं०**
प्रतिपाल (वि०) प्रतिपालक, रक्षक।

ਪ੍ਰਿਤਪਾਲਕ प्रित्पालक् Pritpālak [3] **पुं०**
प्रतिपालक (वि०) पालन करने वाला, रक्षक।

ਪ੍ਰਿਤਪਾਲਣਾ प्रित्पाल्णा Pritpāḷṇā [3] **पुं०**
प्रतिपालन (नपुं०) प्रतिपालन, रक्षा।

ਪ੍ਰਿਤਪਾਲਾ प्रित्पाला Pritpālā [3] **पुं०**
प्रतिपाल (पुं०) प्रतिपालक, रक्षक।

ਪ੍ਰਿਥਕ प्रिथक् Prithak [3] **क्रि० वि०**
पृथक् (अ०) पृथक् अलग।

ਪ੍ਰਿਥਵੀ प्रिथ्वी Prithvī [3] **स्त्री०**
पृथवी (स्त्री०) पृथ्वी, धरती।

ਪ੍ਰਿਥਵੀਪਾਲ प्रिथ्वीपाल् Prithvīpāl [3] **पुं०**
पृथवीपाल (पुं०) पृथ्वीपाल, राजा।

ਪ੍ਰਿਥੀਪਾਲ प्रिथीपाल् Prithīpāl [3] **पुं०**
पृथ्वीपाल (पुं०) पृथ्वीपाल, भूपाल, राजा।

ਪ੍ਰੀਤ प्रीत् Prīt [3] **स्त्री०**
प्रीति (स्त्री०) प्रीति, प्रेम।

ਪ੍ਰੀਤਮ प्रीतम् Prītam [3] **पुं०**
प्रियतम (वि० / पुं०) वि०—प्रियतम, सबसे प्रिय। पुं०—पति।

ਪ੍ਰੀਤਮਾ प्रीत्मा Prītmā [3] **स्त्री०**
प्रियतमा (स्त्री०) प्रियतमा, सबसे अधिक प्रिय; भार्या, पत्नी।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਪ੍ਰੀਤਵਾਨ प्रीतवान् Prītvān [3] पुं०
प्रीतिमत् (वि०) प्रेम रखने वाला, प्रेमी।

ਪ੍ਰੀਤਵੰਤ प्रीत्वन्त् Prītvant [3] वि०
प्रीतिमत् (वि०) प्रीतिमान्, प्रेमपूर्ण।

ਪ੍ਰੀਤੀ प्रीती Prītī [3] स्त्री०
प्रीति (स्त्री०) प्रेम, रुचि।

ਪ੍ਰੇਤਜੂਨ प्रेत्जून् Pretjūn [3] स्त्री०
प्रेतयोनि (स्त्री०) प्रेत-योनि, भूत-योनि।

ਪ੍ਰੇਤਤਾ प्रेत्ता Prettā [3] स्त्री०
प्रेतता (स्त्री०) प्रेत होने का भाव या कर्म।

ਪ੍ਰੇਤਪੁਣਾ प्रेत्पुणा Pretpuṇā [3] पुं०
प्रेतपण (पुं०) प्रेत होने का भाव।

ਪ੍ਰੇਮ प्रेम् Prem [3] पुं०
प्रेमन् (नपुं०) प्रेम, प्रीति।

ਪ੍ਰੇਮਕਾ प्रेम्का Premkā [3] स्त्री०
प्रेमिका (स्त्री०) प्रेमिका, प्रियतमा; पत्नी।

ਪ੍ਰੇਮਣ प्रेमण् Premaṇ [3] स्त्री०
प्रेमिणी (स्त्री०) प्रेमिणी, प्रेमिका।

ਪ੍ਰੇਮ-ਪਾਤਰ प्रेम्-पातर् Prem-Pātar [3] वि०
प्रेमपात्र (नपुं०) प्रेम-पात्र।

ਪ੍ਰੇਮੀ प्रेमी Premī [3] पुं०
प्रेमिन् (वि०) प्रेमी, प्रेम करने वाला।

ਪ੍ਰੇਰਕ प्रेरक् Prerak [3] पुं०
प्रेरक (वि०) प्रेरक, प्रेरणा देने वाला।

ਪ੍ਰੇਰਣਾ प्रेर्णा Prerṇā [3] स्त्री०
प्रेरणा (स्त्री०) प्रेरणा, किसी को किसी कार्य में प्रवृत्त करने का भाव, उत्तेजित करने का भाव।

ਪ੍ਰੇਰਿਤ प्रेरित् Prerit [3] वि०
प्रेरित (वि०) प्रेरित, प्रेरणा-प्राप्त।

ਪ੍ਰੋਤਸਾਹਨ प्रोत्साहन् Protsāhan [3] पुं०
प्रोत्साहन (नपुं०) प्रोत्साहन, अतिशय उत्साह।

ਪ੍ਰੌਢ प्रौढ् Prauḍh [3] पुं०
प्रौढ (वि०) प्रौढ; वृद्ध; निपुण।

ਪ੍ਰੌਢਤਾ प्रौढ्ता Prauḍhtā [3] स्त्री०
प्रौढता (स्त्री०) प्रौढता; वृद्धता; निपुणता।

ਫ

ਫਸਣਾ फस्णा Phasṇā [3] अक० क्रि०
स्पश्यते (भ्वादि कर्मवा०) फँसना, बँधना।

ਫਸਾਉਣਾ फसाउणा Phasāuṇā [3] सक० क्रि०
पाशयति (चुरादि० सक०) फँसाना, जाल में डालना।

ਫਹਾਉਣਾ फहाउणा Phahāuṇā [3] सक० क्रि०
द्र०—ਫਾਹਣਾ।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਫਗਵਾੜਾ फग्वाड़ा Phagvāṛā [1] पुं०
फल्गु (स्त्री०) गूलर, वृक्ष-विशेष ।

ਫਗਵਾੜੀ फग्वाड़ी Phagvāṛī [1] स्त्री०
द्र० —ਫਗਵਾੜਾ ।

ਫਗੂੜਾ फगूड़ा Phagūṛā [2] पुं०
फल्गु (स्त्री०) गूलर, एक वृक्ष का फल ।

ਫੱਗਣ फग्गण् Phaggaṇ [3] पुं०
फाल्गुन (पुं०) फागुन मास, फरवरी-मार्च का समय ।

ਫਟਕ फटक् Phaṭak [1] पुं०
स्फटिक (पुं०) स्फटिक मणि, बिल्लौर ।

ਫਟਕਣਾ फटक्णा Phaṭakṇā [3] अक० क्रि०
स्फटति (भ्वादि सक०) फटकना, शूप आदि से अनाज को साफ करना; ओसाना; फड़-फड़ाना; पंखा झलना ।

ਫਟਕੜੀ फट्कड़ी Phaṭkaṛī [2] स्त्री०
स्फटिका (स्त्री०) फिटकिरी ।

ਫਟਕਾਰਣਾ फट्कार्णा Phaṭkārṇā [3] सक० क्रि०
स्फटति (भ्वादि सक०) फटकारना; हिलाना, ओसाना ।

ਫਟਣਾ फट्णा Phaṭṇā [3] अक० क्रि०
स्फटति (भ्वादि अक०) फटना, विभक्त होना ।

ਫੱਟ फट्ट् Phaṭṭ [3] पुं०
स्फाट (पुं०) फूटने का भाव, फाट; घाव फोड़ा ।

ਫਣ फण् Phaṇ [3] स्त्री०
फण (पुं०) साँप का फन ।

ਫਣੀ फणी Phaṇī [3] पुं०
फणिन् (पुं०) फनवाला साँप ।

ਫਨ फन् Phan [1] पुं०
द्र०—ਫਣ ।

ਫਨੀਅਰ फनिअर् Phaniar [3] पुं०
फणिन् (पुं०) फणी, फन वाला साँप ।

ਫਫੋਲਾ फफोला Phapholā [3] पुं०
प्रस्फोट (पुं०) फफोला, छाला ।

ਫਰ फर् Phar [3] पुं०
फलक (नपुं०) कन्धे की हड्डी, स्कन्धास्थि ।

ਫਰਸਾ फर्सा Pharsā [3] पुं०
परशु (पुं०) फरसा, कुल्हाड़ा ।

ਫਰਕਣਾ फरक्णा Pharakṇā [3] अक० क्रि०
स्फुरति (तुदादि अक०) फड़कना, स्फुरित होना, स्पन्दित होना ।

ਫਰਾਹਾ फराहा Pharāhā [3] पुं०
स्पाश (पुं०) बन्धन, जाल, फन्दा ।

ਫਰਾਹੀ फराही Pharāhī [3] स्त्री०
द्र० —ਫਰਾਹਾ ।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਫਰੀ फरी Pharī [3] स्त्री०
फलक (नपुं०) ढाल, फरी, रक्षक वस्तु ।

ਫਰੂਹਾ फरूहा Pharūhā [3] पुं०
परुष (वि०) चितकबरा वस्त्र आदि ।

ਫਰ੍ਹ फर्ह् Pharh [3] स्त्री०
द्र०—फरी ।

ਫਰ੍ਹਾ फर्हा Pharhā [3] पुं०
फल (नपुं०) किसी शस्त्र की धार, तीर आदि का नोक ।

ਫਰ੍ਹੀ फर्ही Pharhī [3] स्त्री०
द्र०—फरी ।

ਫਲ फल् Phal [3] पुं०
फल (नपुं०) हथियार की धार या नोक ।

ਫਲ਼ फळ Phaḷ [3] पुं०
फल (नपुं०) वृक्ष का फल; परिणाम; कर्मों का फल ।

ਫਲ਼ਨਾ फळ्ना Phaḷnā [3] अक० क्रि०
फलति (भ्वादि अक०) फलना; सफल होना ।

ਫਲਵਾਨ फल्वान् Phalvān [1] पुं०
फलवत् (फलवान्) (पुं०) फलदार वृक्ष ।

ਫਲਾਇਰ फलाइर् Phalāir [1] स्त्री०
द्र०—फलाहार ।

ਫਲਾਹਰ फलाहर् Phalāhar [1] स्त्री०
द्र०—फलाहार ।

ਫਲਾਹਲ फलाहल् Phalāhal [1] स्त्री०
द्र०—फलाहार ।

ਫਲਾਹਾਰ फलाहार् Phalāhār [3] स्त्री०
फलाहार (पुं०) फलों का भोजन, व्रतादि में खाद्यफल, फलों का आहार ।

ਫਲੀ फली Phalī [3] स्त्री०
फल (पुं०) फली, मटर, सेम, सरसों इत्यादि की फली जिसके अन्दर दाने हों ।

ਫਲੀਰਾ फलीरा Phalīrā [3] पुं०
स्फाल (पुं०) हल की फाल ।

ਫਲੀਰੀ फलीरी Phalīrī [2] स्त्री०
द्र०—फलीरा ।

ਫਲੋਹਾਰ फलोहार् Phalohār [3] पुं०
द्र०—फलाहार ।

ਫਲੋਹਾਰੀ फलोहारी Phalohārī [3] पुं०
फलाहारिन् (वि०) फलाहारी ।

ਫਲੌਰੀ फलौरी Phalaurī [3] स्त्री०
फुल्लपूर (पुं०) फुलौरी, फूली हुई बड़ी ।

ਫਲ੍ਹਾ फल्हा Phalhā [3] पुं०
फलक (नपुं०) तख्ता, पट्ट, पट्टी ।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਫੜਕਣਾ फड़क्णा Phaṛakṇā [3] अक० क्रि० स्फुरति (तुदादि अक०) फड़कना।

ਫਾਉਣਾ फाउणा Phāuṇā [3] सक० क्रि० पाशयति (चुरादि सक०) फाँसना, बाधा में डालना, उलझाना।

ਫਾਂਸੀ फाँसी Phāsī [3] स्त्री० स्पाश/पाश (पुं०) फाँसी, फाँस, फन्दा।

ਫਾਹ फाह् Phāh [3] पुं० पाश (पुं०) फाँसी, फाँस, फन्दा।

ਫਾਹਣਾ फाह्णा Phāhṇā [3] सक० क्रि० पाशयति (चुरादि सक०) बाँधना, फँसाना।

ਫਾਹਾ फाहा Phāhā [3] पुं० स्पाश/पाश (पुं०) फाँस, बन्धन, जाल।

ਫਾਹੀ फाही Phāhī [3] स्त्री० द्र०—ਫਾਹਾ।

ਫਾਹੁਣਾ फाहुणा Phāhuṇā [3] क्रि० द्र०—ਫਾਹਣਾ।

ਫਾਗ[1] फाग् Phāg [3] स्त्री० फल्गु (स्त्री०) फगुआ, फाग, वसन्त ऋतु।

ਫਾਗ[2] फाग् Phāg [2] पुं० फल्गु (पुं०) गूलर/अंजीर का वृक्ष।

ਫਾਂਟ फाँट् Phāṭ [3] पुं० फाण्ट (पुं०) फटने अथवा टुकड़े-टुकड़े होने का भाव, विभाग।

ਫਾਟਣਾ फाट्णा Phāṭṇā [2] सक० क्रि० स्फटयते (भ्वादि कर्मवा०) फटना, विदीर्ण होना।

ਫਾਂਧਣ फाँधण् Phādhaṇ[1] स्त्री० द्र०—ਫਾਂਧੀ।

ਫਾਂਧੀ फाँधी Phādhī [3] पुं० स्पाशिन् / पाशिन् (पुं०) बहेलिया, चिड़ीमार।

ਫਾਲਾ फाला Phālā [3] पुं० फाल (नपुं०, पुं०) हल का नुकीला लोहा, जिससे जमीन खुदती है, कुसी।

ਫਾਲੀ फाली Phālī [3] स्त्री० द्र०—ਫਾਲਾ।

ਫਾੜਣਾ फाड़्णा Phāṛṇā [3] सक० क्रि० स्फाटयति (भ्वादि प्रेर०) फाड़ना, विदीर्ण करना।

ਫਿਟਕਾਰ फिट्कार् Phiṭkār [3] पुं० फेटकार (पुं०) फटकार, डाँट।

ਫੀਲਪਾ फील्पा Phīlpā [3] पुं० श्लीपद (पुं०) एक रोग जिसमें पैर भारी हो जाता है, फीलपाँव रोग।

ਫੁਕਾਰ फुकार् Phukār [3] स्त्री० फूत्कार (पुं०) फूत्कार, फुँकार।

ਫੁੰਕਾਰ फुंकार् Phuṅkār [3] स्त्री० फूत्कार (पुं०) फुँफकार, फुंकार।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਫੁਕਾਰਣਾ फुकार्णा Phukārṇā [1] क्रि०
द्र०—ਫੂੰਕਾਰਣਾ ।

ਫੂੰਕਾਰਣਾ फुंकार्णा Phuṅkārṇā [3] पुं०
फूत्कारण (नपुं०) शंखादि फूंकने या बजाने का भाव ।

ਫੁਕਾਰਾ फुकारा Phukārā [1] पुं०
फूत्कार (पुं०) साँप का फुत्कार, फुंकार ।

ਫੁਟਾਰ फुटार् Phuṭār [1] स्त्री०
स्फोट (पुं०) दरार ।

ਫੁਟਾਲ फुटाल् Phuṭāl [1] पुं०
द्र०—ਫੁਟਾਰ ।

ਫੁਟਾੜ फुटाड़् Phuṭāṛ [1] स्त्री०
द्र०—ਫੁਟਾਰ ।

ਫੁੱਟਣਾ फुट्ट्णा Phuṭṭṇā [3] अक० क्रि०
स्फुटति (तुदादि अक०) फूटना, स्फुटित होना ।

ਫੁਰਕਣਾ फुरक्णा Phurakṇā [2] अक० क्रि०
स्फुरति (तुदादि अक०) अंगादि का फड़कना, स्फुरण होना ।

ਫੁਰਨਾ फुर्ना Phurnā [3] अक० क्रि०
स्फुरति (तुदादि अक०) सूझना, स्फुरित होना ।

ਫੁਲਵਾੜ फुल्वाड़् Phulvāṛ [1] स्त्री०
फुल्लवाटी (स्त्री०) फुल्लवाड़ी, पुष्पोद्यान ।

ਫੁਲਵਾੜੀ फुल्वाड़ी Phulvāṛī [3] स्त्री०
फुल्लवाटी (स्त्री०) पुष्पोद्यान, फूलों का बाग ।

ਫੁਲਾ फुला Phulā [3] पुं०
फुल्लन (नपुं०) फूलने का भाव, फुलाव ।

ਫੁਲਾਉ फुलाउ Phulāu [3] पुं०
द्र०—ਫੁਲਾ ।

ਫੁਲਾਉਣਾ फुलाउणा Phulāuṇā [3] सक० क्रि०
फुल्लयति (भ्वादि प्रेर०) फुलाना ।

ਫੁਲਾਣਾ फुलाणा Phulāṇā [3] सक० क्रि०
द्र०—ਫੁਲਾਉਣਾ ।

ਫੁਲੇਲ फुलेल् Phulel [3] पुं०
फुल्लतैल (नपुं०) सुगन्धित तेल-विशेष, तेल-फुलेल ।

ਫੁਲੇਲਣ फुलेलण् Phulelaṇ [3] स्त्री०
फुल्लतैलिनी (स्त्री०) सुगन्धित तेल बेचने वाली ।

ਫੁਲੇਲੀ फुलेली Phulelī [3] पुं०
फुल्लतैलिन् (वि०) सुगन्धित तेल बेचने वाला ।

ਫੁੱਲ फुल्ल् Phull [3] पुं०
फुल्ल (नपुं०) खिला हुआ पुष्प, फूल ।

CC-0. Prof. Satya Vrat Shastri Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ਫੁੱਲਣਾ फुल्ल्णा Phullṇā [3] अक० क्रि०
फुल्लति (भ्वादि अक०) फूलना, विकसित होना।

ਫੂਕ फूक् Phūk [3] स्त्री०
फूत्/फूक (पुं०) फूँक।

ਫੂਕਣਾ फूक्णा Phūkṇā [3] पुं०
फूत्करण (नपुं०) फूँकना, शंख आदि बजाना।

ਫੂਟਣਾ फूट्णा Phūṭṇā [3] अक० क्रि०
स्फोटन (नपुं०) फूटना।

ਫੇਣੀ फेणी Pheṇī [3] स्त्री०
फेणिका (स्त्री०) फेणी, फेनी, सूतफेनी।

ਫੇਣੂ फेणू Pheṇū [1] वि०
फेणिल/फेनिल (वि०) फेनिल, फेन-युक्त।

ਫੇਫੜਾ फेफ़ड़ा Phephṛā [2] पुं०
फुप्फुस (पुं०) फेफड़ा।

ਫੈਣ फैण् Phaiṇ [2] स्त्री०
फेन/फेण (पुं०) फेन, झाग।

ਫੈਲਾਉਣਾ फैलाउणा Phailāuṇā [3] सक० क्रि०
प्रथयति / ते (चुरादि सक०) फैलाना, विस्तार करना।

ਫੈਲਾਰਣਾ फैलार्णा Phailārṇā [1] सक० क्रि०
द्र०—ਫੈਲਾਉਣਾ।

ਫੋੱਲਾ फोल्ला Pholla [3] पुं०
फुल्ल (नपुं०) आँख का फूला रोग।

ਫੋੜਣਾ फोड़्णा Phoṛṇā [3] सक० क्रि०
स्फोटयति (भ्वादि प्रेर०) फोड़ना।

ਫੋੜਨਾ फोड़्ना Phoṛnā [3] पुं०
स्फोटन (नपुं०) फोड़ने का भाव।

